# मुल्ला वजही

●

# कुतुब मुशतरी

सम्पादक
विमला वाघ्रे
नसीरुद्दीन हाशमी

दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति, हैदराबाद

प्रकाशक :
विमला वाघ्रे एम्. ए.
मन्त्री दक्खिनी प्रकाशन समिति
बशीरबाग रोड, हैदराबाद (दक्षिण.)

प्रथम संस्करण १००० दिसम्बर १९५४

मूल्य ५-०-० रुपए

मुद्रक : हिन्दी प्रेस
हिन्दी प्रचार सभा, हिन्दी भवन, हैदराबाद (दक्षिण)

# विवरण

हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद तथा इदारे अदबियाते उर्दू, हैदराबाद के संयुक्त प्रयत्नों से दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति की स्थापना ६ अक्तूबर १९५३ को हुई। समिति के पदाधिकारी तथा सदस्य निम्न प्रकार हैं :—

(१) डाक्टर बी. रामकृष्णराव
(मुख्य मन्त्री हैदराबाद राज्य) अध्यक्ष

(२) श्री लक्ष्मीनारायण गुप्त आई. ए. एस.
(शिक्षा सचिव, हैदराबाद राज्य) उपाध्यक्ष

(३) डा० एस. एम. क़ादरी ज़ोर एम ए. पी. एच. डी.
(मन्त्री इदारे अदबियाते उर्दू) उपाध्यक्ष

(४) श्रीमती विमल वाघ्रे एम-ए. मन्त्री

(५) श्री श्रीराम शर्मा (मन्त्री हिन्दी प्रचार सभा)
(लेक्चरार गवर्नमेण्ट कॉलेज गुलबर्गा) सदस्य

(६) श्री गोपालराव अपर्सिंगीकर
(लेक्चरार लॉ कॉलेज, हैदराबाद) ,,

(७) श्री वंशीधर जी विद्यालङ्कार
(अध्यक्ष हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(८) श्री राजकिशोर पाण्डेय एम-ए.
(लेक्चरार निज़ाम कॉलेज, हैदराबाद) ,,

(९) श्री जितेन्द्रनाथ वाघ्रे बी-ए. एल-एल. बी.
(एडवोकेट, हाईकोर्ट, हैदराबाद) ,,

(१०) श्री श्रीनिवास लाहोटी ,,

(११) प्रोफेसर अब्दुल क़ादर सरवरी एम-ए. एल-एल. बी.
(अध्यक्ष उर्दू विभाग उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१२) प्रोफेसर मजीद सिद्दीक़ी एम-ए. एल-एल. बी.
(प्रो. इतिहास और राजनीति, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१३) प्रोफेसर हुसेन अली खाँ
(भूतपूर्व डीन, आर्ट्स कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय) ,,

(१४) श्री हमीदुद्दीन शाहद एम-ए.
(लेक्चरार चादरघाट कॉलेज) ,,

(१५) फजलुर्रहमान एम-ए.
(भूतपूर्व शिक्षा संचालक, हैदराबाद) ,,

**इस समिति ने निश्चय किया है :—**

(१) प्रति वर्ष दक्खिनी की पाँच उत्कृष्ट रचनाएँ, आवश्यक टिप्पणियों और सम्पादन के साथ नागरी लिपि में प्रकाशित की जाएँ।

(२) दक्खिनी की जो उत्तम पुस्तकें अब तक फ़ारसी लिपि में नहीं छपीं उन्हें नागरी के साथ साथ फ़ारसी लिपि में भी छपाया जायेगा।

(३) दक्खिनी के सम्बन्ध में जो लोग शोध-कार्य करना चाहते हैं उन्हें आवश्यक सहायता दी जायगी।

समिति की प्रार्थना पर केन्द्रीय सरकार के शिक्षा मन्त्रालय ने साहित्य प्रकाशन के लिए ७५०० रु० की एक कालिक सहायता दी है। हैदराबाद राज्य ने समिति को ३५०० रु० वार्षिक की सहायता प्रदान की है। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार की सहायता प्राप्त कराने में राज्य के मुख्य मन्त्री डा० बी. रामकृष्णराव ने सहायता की।

हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद ने समिति को सहायता के रूप में ३००० रु० दिए हैं और इदारे अदबियाते उर्दू ने ७५० रु.। श्री लक्ष्मीनारायण जी गुप्त ने समिति की बैठकों का संचालन तथा समय समय पर समिति के कार्यों का उचित रूप से निर्देशन किया।

समिति की पुस्तकें हिन्दी प्रेस, हिन्दी प्रचार सभा, हैदराबाद से प्रकाशित हो रही हैं। प्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकों को समय पर प्रस्तुत करने में पूर्ण योग दिया है।

इन पुस्तकों का सम्पादन कर के तथा आवश्यक सुझाव दे कर जिन लोगों ने सहायता पहुँचाई है—और जिन लोगों ने जिस रूप में भी सहयोग दिया उन सब के प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

**विमला वाघ्रे,** मन्त्री
दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति
मार्गशीर्ष कृ. ४' २०११
१४-११-'५४

बशीरबाग़ रोड
हैदराबाद (दक्षिण)

# भूमिका

भारतीय भाषाओं के विकास के इतिहास में हिन्दी और उर्दू का विकास एक उल्लेखनीय अध्याय है। यह बात इसलिए नहीं कही गई है कि हिन्दी तथा उर्दू एक दूसरे के अत्यन्त निकट हैं—सच बात तो यह है कि व्याकरण के नियमों और दूसरी बहुत सी बातों में दोनों अभिन्न हैं—इन दोनों भाषाओं ने अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली तथा विन्यास से बहुत कुछ ग्रहण किया है। हिन्दी तथा उर्दू की एक मिली जुली पुरानी शैली दक्खिनी का निर्माण करती है। इसमें दक्षिणी भाषाओं ने भी अपना योग दिया है, हालांकि इन भाषाओं को एक दूसरे ही कुल की भाषा माना जाता है।

हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने के बाद यह ज़रूरी हो गया है कि भाषा-विज्ञान के विशेषज्ञ तथा विद्यार्थी हिन्दी भाषा और उसके विकास में योग देने वाले उन अन्य साधनों का वैज्ञानिक अध्ययन करें जिन के कारण हिन्दी को वर्तमान रूप प्राप्त हुआ है। १४ वीं शती से अब तक दक्खिनी शैली में जो साहित्य निर्मित हुआ वह इस अध्ययन में बहुत सहायक तथा मूल्यवान सिद्ध होगा।

वर्तमान हिन्दी तथा उर्दू के अध्ययन के लिए दक्खिनी साहित्य बहुत महत्वपूर्ण है। इस तथ्य को हिन्दी और उर्दू के चिन्तक और विशेषज्ञ उत्तरोत्तर स्वीकार करते जा रहे हैं। हैदराबाद में दक्खिनी पुस्तकें बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं। विशेष कर आसफिया पुस्तकालय, विश्वविद्यालय, इदारे अदबियाते उर्दू, सालारजंग पुस्तक संग्रहालय तथा बहुत से निजी संग्रहालयों में दक्खिनी साहित्य की अनेक हस्तलिखित पुस्तकें हैं। कुछ समय पूर्व स्वर्गीय नवाब सालारजंग बहादुर के संरक्षण में प्रसिद्ध साहित्य सेवियों की एक समिति ने हैदराबाद में प्राप्त दक्खिनी के महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों को फ़ारसी लिपि में प्रकाशित करने का यत्न किया था। इस समिति की ओर से कुछ हस्तलिखित ग्रन्थ प्रकाशित भी हुए जो इस समय सालारजंग सम्पत्ति की ट्रस्ट के पास भण्डार में हैं।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि "दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति" नाम से हैदराबाद में एक व्यवस्थित संगठन बना है जो इस काम को आगे बढ़ाएगा। इस संगठन का उद्देश्य है—भारत तथा भारत के बाहर अन्य देशों में उपलब्ध दक्खिनी पुस्तकों और हस्तलिखित ग्रन्थों का सर्वांगीण पर्यवेक्षण करना, दक्खिनी के सभी उपलब्ध मुद्रित तथा हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह करते हुए एक अच्छे पुस्तकालय का निर्माण, दक्खिनी के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का नागरी तथा फ़ारसी में प्रकाशन तथा यथा सम्भव दक्खिनी साहित्य का अनुसन्धान।

इस समिति को केन्द्रीय सरकार और हैदराबाद राज्य की सहायता प्राप्त है।

इस समय समिति ने हैदराबाद में उपलब्ध दक्खिनी की १५ अत्यन्त महत्वपूर्ण पुस्तकों को नागरी लिपि में प्रकाशित करने का कार्य प्रारम्भ किया है। इस कार्य में हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद तथा इदारे अदबियाते उर्दू का सहयोग उपलब्ध है। दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति का निर्माण इन दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों से हुआ है। जो हस्तलिखित ग्रन्थ अब तक फ़ारसी लिपि में प्रकाशित नहीं हुए हैं उन्हें इस लिपि में भी प्रकाशित किया जाएगा।

इन हस्तलिखित पुस्तकों के प्रकाशन से हिन्दी तथा उर्दू गद्य के विकास पर पर्याप्त प्रकाश पड़ेगा तथा दोनों भाषाओं की शब्दावली में भी वृद्धि होगी। दक्खिनी साहित्य भाषा सम्बन्धी दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु उस की कुछ रचनाएँ साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यधिक उत्कृष्ट कोटि की हैं, अतः मुझे आशा है जहाँ समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तकें अनुसन्धान करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुमूल्य सिद्ध होंगी, वहां उन से विशेषज्ञों और साहित्य प्रेमियों का मनोरंजन भी होगा।

मार्गशीर्ष कृ. ४' २०११
१४-११-'५४

डाक्टर बी० रामकृष्णराव
अध्यक्ष
दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति

# निवेदन

वजही, दक्खिनी साहित्य के निर्माताओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन्होंने गद्य और पद्य दोनों में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपनी साहित्य रचना और असाधारण विद्वत्ता के कारण वजही मृत्यु पर्यन्त कुतुबशाहों का प्रशंसा पात्र रहा।

इस ख्यात नामा साहित्यिक के विषय में अब तक विशेष सामग्री प्रकाश में नहीं आई है। कुतुबशाहों के इतिवृत्त से केवल इतना ही ज्ञात होता है कि इस वंश के चार शासकों का समय वजही ने देखा। इब्राहीम कुली कुतुबशाह के समय वह जनता के सामने आता है। धीरे धीरे वह दरबार में प्रवेश पाता है। कुतुब वंश का साहित्य प्रेमी शासक मुहम्मद कुली कुतुबशाह गद्दी पर बैठा और ३७ वर्ष की आयु में ही उसका निधन हो गया। मुहम्मद कुतुबशाह के पश्चात् अब्दुल्ला कुतुबशाह गद्दी पर बैठा। अब्दुल्ला कुतुबशाह के समय में वजही का देहान्त हुआ।

वजही की तीन पुस्तकें उपलब्ध हैं—कुतुब मुश्तरी, ताजुल हक़ायक़ और सबरस। इनके अतिरिक्त एक छोटा सा रिसाला "रिसाला अलीफ़ बे" नाम का मिला है, जिसे पं० श्रीराम जी शर्मा ने नागरी में प्रकाशित किया है। "सबरस" वजही की सब से श्रेष्ठ रचना है। यह कहने में अत्युक्ति नहीं होगी कि उस समय तक हिन्दी गद्य की इतनी अच्छी पुस्तक नहीं लिखी गई थी। यदि हिन्दी का प्राचीन तम विकसित गद्य हमें कहीं मिल सकता है तो केवल 'सबरस' में। 'सबरस' सब से पहले डाक्टर अब्दुलहक़ के प्रयत्नों से सन् १९२४ में 'रिसाला उर्दू' में क्रमशः प्रकाशित हुआ। डा० अब्दुलहक़ ने इसे सम्पादित करके पुस्तकाकार में भी प्रकाशित किया है। अब दक्खिनी साहित्य प्रकाशन समिति इसे नागरी लिपि में प्रकाशित कर रही है। 'सबरस' के प्रकाश में आने से उर्दू के विद्वानों का ध्यान वजही की ओर गया। लेखक ने सबरस को सन् १६६३ में समाप्त किया। इस से यह ज्ञात होता है कि वजही १६६३ के बाद भी कुछ दिन जीवित था। इब्राहीम कुतुबशाह २० वर्ष की आयु में १६०७ में गद्दी पर बैठा और १६३७ में उस का देहान्त हुआ। वजही इब्राहीम का सामन्त था। उसने इन्हीं दिनों कुतुब मुश्तरी की रचना आरम्भ कर दी थी। अनुमान लगाया जाता है कि वजही का जन्म १५८८ और १५९१ के लगभग हुआ होगा। इस की मृत्यु १६६३ के बाद हुई अतः वजही १०० वर्ष से कुछ अधिक जीवित रहे।

"कुतुब मुश्तरी" कालक्रम से वजही की पहली रचना है। यह इब्राहीम कुतुबशाह के समय में लिखी गई। कवि को राज्याश्रय प्राप्त था अतः उसने युवराज मुहम्मद कुली को अपने ग्रन्थ का नायक चुना। जब यह पुस्तक लिखी गई उस समय युवराज यौवन के प्रथम सोपान में पग रख चुके थे। उन का समय विलासिता में बीतने लगा

था। इस पुस्तक पर वजही को युवराज से कोई पुरस्कार मिला या नहीं, यह ज्ञात नहीं किन्तु इस में सन्देह नहीं कि वजही को इस पुस्तक के कारण समकालीन साहित्यिकों का आदर प्राप्त हुआ।

वजही को अपनी प्रतिभा और कला पर काफ़ी अभिमान था। क़ुतुब मुश्तरी में एक स्थान पर कवि ने स्वयं लिखा है :—

न मुंज जोड़ ना थाँव असमान कूँ,
अजब कुच पहुँच है मेरे ज्ञान कूँ।
हुनर कियाँ हैं यो बारीकियाँ लाफ़ नईं,
वो आदमी नहीं जिस में इन्साफ़ नईं।
हरेक कह के देकने होर ज़ोर,
हमीं इस ते भी ढूँडते कुच होर।

वजही को दक्खन से विशेष प्रेम था। उसने इस पुस्तक में एक स्थान पर लिखा है :—

दखन सा नईं ठार संसार में,
पंच फ़ाज़िलाँ का है इस ठार में।
दखन है नगीना अंगूठी है जग,
अँगूठी कूँ हुरमत नगीना है लग।
दखन मुल्क कूँ धन अजब साज है,
के सब मुल्क सर होर दखन ताज है।
दखन मुल्क भोतीच ख़ासा अहै,
तिलंगाना इस का खुलासा अहै।

दक्खिनी के अन्य कवियों ने फारसी के प्रेम काव्यों का अनुवाद किया है। बहुत कम ऐसे कवि हुए हैं जिन्होंने अपनी रचना के लिए मौलिक कथा चुनी हो। वजही ने क़ुतुब मुश्तरी के लिए स्वतन्त्र कथानक चुना। इस पुस्तक का सारांश इस प्रकार से है :—

आरम्भ में कवि ने ईश्वर की स्तुति की है—उस के बाद हज़रत मुहम्मद की प्रशंसा में कुछ पद हैं। इस के बाद कवि ने अपने आश्रयदाता इब्राहीम क़ुतुबशाह की तारीफ की है। ईश्वर, हज़रत मुहम्मद और आश्रयदाता की प्रशंसा के बाद कथा शुरू होती है।

कवि ने अपने नायक मुहम्मद क़ुली के बचपन से कथा शुरू की है। मुहम्मद क़ुली के बाल्यकाल का वर्णन करते हुए कवि ने बताया है कि कैसे मुहम्मद क़ुली पढ़ने लिखने में बहुत चतुर था, यहाँ तक कि वह अपने बाप से भी बढ़ कर था।

कहानी का आरम्भ कवि ने उस समय किया है जब एक दिन राजकुमार मुहम्मद कुली एक महफ़िल बुलाता है। सामन्तों के साथ राजकुमार नृत्य और मद्यपान में पूरी रात बिता देता है। आधी रात बीतने पर युवराज की कुछ आँख लगी ही थी कि उस ने स्वप्न में एक सुन्दर स्त्री को देखा। स्वप्न में उसकी सुन्दरता को देख कर मुहम्मद कुली मुग्ध हो गया। जब नींद खुली तो उस की विकलता का ठिकाना नहीं था। युवराज की इस विकलता का पता जब इब्राहीम को चला तो वह बहुत चिन्तित हुआ। सामन्तों के मशिवरे से इब्राहीम ने एक प्रसिद्ध चित्रकार अतारिद को बुलवाया। अतारिद ने युवराज के स्वप्न का वर्णन सुन कर—बंगाल की राजकुमारी मुश्तरी का चित्र दिखाया। मुहम्मद कुली चित्र को देख कर, अपनी स्वप्न की प्रेमिका को पहचान लेता है और तत्काल उस की प्राप्ति के लिए जाने को उत्सुक होता है। इब्राहीम और उस की पत्नी मुहम्मदकुली को बहुत समझाते हैं पर वह नहीं मानता और अतारिद को साथ ले कर बंगाल यात्रा के लिए चल देता है। मार्ग में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मार्ग में उस की भेंट एक राजकुमार मिरींख़ ख़ाँ से होती है जो मुश्तरी की छोटी बहन ज़ुहरा को प्राप्त करने के लिए अपने घर से निकला था किन्तु मार्ग में एक जिन का क़ैदी हो गया था। युवराज मुहम्मद कुली उस जिन को मार कर मिरींख़ ख़ाँ की रक्षा करता है और दोनों एक ही मंजिल पर पहुँचने के लिए बढ़ते हैं। आगे बढ़ने पर उनकी भेंट राजकुमारी महताब से हुई। महताब राजकुमार को अतिथि बनाती है। अतारिद अकेला ही बंगाल पहुँचता है और मुश्तरी के महल की सजावट करता है। महल की सजावट करते समय वह एक स्थान पर राजकुमार कुली कुतुब शाह का चित्र भी बनाता है। उस चित्र को देख राजकुमारी मोहित हो जाती है। यह समाचार जब युवराज को मिला तो वह तुरन्त बंगाल चला जाता है। यहाँ वह मुश्तरी के प्रेम में अपनी सुध-बुध भूल जाता है। अतारिद उसे समझाता है। मुहम्मद कुली मुश्तरी से सलाह कर मिरींख़ ख़ाँ का विवाह ज़ुहरा से करा देता है और बंगाल का शासन मिरींख़ ख़ाँ को दे कर वह मुश्तरी के साथ गोलकुण्डा लौटता है और आनन्द से रहने लगता है।

मुहम्मद कुली कुतुबशाह का प्रेम बहुत ही दृढ़ और अविचल था। उस का पिता इब्राहीम कुतुबशाह अपने युवराज के मनोरंजन के लिए अनेक रूपवती स्त्रियों को भेजा करता था। इस का जिक्र कवि ने अपनी मसनवी में इस प्रकार से किया है :—

ब्राहीम कुतुबशाह मजलिस सिंगार,
किए मुस्तइद मो पै इशरत अपार।
जितियाँ ख़ूब ख़ुश शक्ल थियाँ सुन्दरियाँ,
सो करनाटक होर गोर गुजरात कियाँ।

जो चीन होर माचीन के थे बुताँ,
सो खुशलबा खुशफ़हम खुश सूरताँ।
हर यक खूब महबूब बुत फ़ारसी,
बदन ज्यूँ जलती अछे आरसी।

इन हूर परियों में एक भी ऐसी नहीं निकली जो मुहम्मद कुली का मन जीत सके:—

सो नेह शाह कूँ एक का सद हुआ,
मंतर था उनो का सो सब रद हुआ।
के उस शह के दिल में सुधन महर था,
न था महर तो बातिलुस्सहर था।
जो एकस कूँ जिस दिल मने ठार अछे,
ज़रूरत है जो दूसरा वहाँ भार अछे।

जहाँ तक 'कुतुब मुश्तरी' की कथा का सम्बन्ध है वह इतिहास से मेल नहीं खाती। मुहम्मद कुली कभी बंगाल गया यह प्रमाणित नहीं है। मुश्तरी के विषय में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। कवि ने सारी कथा काल्पनिक ढंग से उपस्थित की है। केवल मुहम्मद कुली ऐतिहासिक व्यक्ति है और सारे पात्र कल्पना के आधार पर तैयार किये गये हैं।

जहाँ तक इतिहास का सम्बन्ध है मुहम्मद कुली का प्रेम दरबार की एक नर्तकी भागमती से था। भागमती, गोलकुण्डा से कुछ दूर चेचलम ग्राम में रहती थी। इब्राहीम के जीवन काल में मुहम्मद कुली अपनी प्रेमिका से चोरी छिपे मिलने जाया करता था। किन्तु जब वह सिंहासन पर बैठा उसने भागमती से विवाह कर लिया। अपनी इस प्रेयसी के नाम से उस ने मूसा के उस पार एक नगर बसाया जिस का नाम 'भागनगर' रखा। भागनगर शीघ्र ही दक्षिण का बड़ा नगर बन गया। मुहम्मद कुली ने इस नगर के बीचों बीच चारमीनार नाम की इमारत बनवाई जो आज भी अपनी सुन्दरता तथा विशालता के कारण प्रसिद्ध है। मुहम्मद कुली भागमती से कितना प्यार करता था यह इसी से प्रमाणित होता है। कुछ दिन बाद भागमती को "हैदर महल" की उपाधि दी गई, तब भागनगर का नाम भी बदल कर हैदराबाद कर दिया गया। कवि ने "कुतुब मुश्तरी" की नायिका, मुश्तरी को चित्रित करने में इस ऐतिहासिक कथा का आधार कहाँ तक लिया पता नहीं। यह सन्देह होता है कि कवि ने अपनी कल्पना से काम लेते हुए भागमती को ही मुश्तरी के रूप में चित्रित किया हो।

वजही ने इस पुस्तक में अपनी प्रतिभा का परिचय स्थान स्थान पर दिया है।

उस की उपमाएँ देखने लायक हैं। कथानक को वह बड़ी खूबी से आगे बढ़ाता है। पाठक को इस पुस्तक के पढ़ने से काव्य और उपन्यास का आनन्द साथ साथ मिलता है। पुस्तक से उस समय की अनेक सामाजिक रूढ़ियों का पता चलता है।

कुतुब मुश्तरी १६६६ ई० १०१८ हि० में समाप्त हुई। कवि ने अन्त में लिखा है:—

तमाम इस किया दीस बारा मने,
सन यक हज़ार होर अठारा मने।

कुतुब मुश्तरी की दो हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध हैं। एक प्रति इण्डिया आफ़िस, लन्दन में और दूसरी डाक्टर अब्दुलहक़ के पुस्तकालय में है। लन्दन वाली प्रति का विस्तृत विवरण श्री नसीरुद्दीन हाशमी ने अपनी 'यूरोप में दक्खिनी मखतूतात' नामक पुस्तक में दिया है। डाक्टर अब्दुलहक़ ने इण्डिया आफिस की प्रति के आधार पर १६३६ में फारसी लिपि में "कुतुब मुश्तरी" को प्रकाशित किया। प्रस्तुत पुस्तक इसी आधार पर तैयार की गई है। इस में कुछ अंश बाद में जोड़ा गया है। डा० अब्दुलहक़ ने यह अधिक अंश, अपनी निजी प्रति से लिया है। इस अधिक अंश का सम्बन्ध वहाँ से है जब युवराज मुहम्मद कुली मिर्रीख़ खाँ की रक्षा करता है और उस के साथ आगे बढ़ता है। आगे शहज़ादा दरया की खोज में निकलता है। इस अधिक अंश के पश्चात ही कथा का सम्बन्ध महताब की भेंट से पुनः जुड़ता है। इस अधिक अंश में कई स्थानों पर डा० अब्दुलहक़ साहब ने रिक्त स्थान छोड़ दिये हैं। आप की निजी प्रति में यह अंश स्पष्ट नहीं है। अतः हमने भी वैसे ही, रिक्त स्थान छोड़े हैं।

प्रस्तुत पुस्तक के तीन शब्दों के विषय में यहाँ स्पष्टीकरण करना आवश्यक है। पुस्तक के कई स्थानों पर उर्दू के 'लाम' और 'ए' से बना हुआ शब्द आया है जिस का उच्चारण 'ली' होता है। हम ने सभी स्थानों पर इसे 'ली' ही लिखा है। पुस्तक के छपने तक यह पता नहीं चल सका कि 'ली' किस भाषा का शब्द है। जब पुस्तक छप गई तो पता चला ग्रामीण मराठी में 'लइ' शब्द का व्यवहार होता है जिस का अर्थ है 'बहुत'। इस पुस्तक में भी जहाँ जहाँ 'ली' शब्द आया है वहाँ बहुत के अर्थ में ही प्रयुक्त है। अतः पाठक सर्वत्र 'ली' के स्थान 'लइ' समझें।

इसी प्रकार से पुस्तक में प्रयुक्त होने वाले राजवट और दुराई शब्द भी मराठी के हैं। मराठी में राजवट का अर्थ है शासन काल अथवा शासन। दुराई का अर्थ हिन्दी के दुहाई शब्द से मिलता जुलता है। मराठी के कोषकारों ने उसे दुर+हार से बनाया है।

हो सकता है इसी प्रकार की कुछ त्रुटियाँ और रह गई हों जिन के लिए

हम क्षमा प्रार्थी हैं ।

अन्त में श्री श्रीराम शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिन्होंने, व्यस्त रहते हुए भी पूरी पुस्तक का अवलोकन किया और आवश्यक सुझाव दिये ।

फ़ारसी लिपि से नागरी लिपि में किसी पुस्तक का रूपान्तर करते समय अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इसी लिए पुस्तक में कुछ स्थानों पर जाने अनजाने कुछ त्रुटियाँ रह सकती हैं ।

बशीरबाग़ रोड़
हैदराबाद दक्षिण.

विमला वाघ्रे
नसीरुद्दीन हाशमी
मार्गशीर्ष कृष्ण १ संवत २०११
११-११-५४

# सूची



## हम्द

तूँ अव्वल तूँ आख़िर तूँ क़ादिर[1] अहै,
तूँ मालिक तूँ बातिन[2] तूँ ज़ाहिर अहै।

तूँ मुहसी[3] तूँ मब्दी[4] तूँ वाहिद[5] सच्चा,
तूँ तव्वाब[6] तूँ रब[7] तूँ माजिद[8] सच्चा।

तूँ बाक़ी तूँ मुक़सिम[9] तूँ हादी[10] तूँ नूर,
तूँ वारिस[11] तूँ मुनइम[12] तूँ बिर[13] तूँ सबूर।

तूँ सत्तार[14] होर तूँ सो ज़ब्बार[15] है,
तूँ वहहाब[16] होर तूँ सो कह्हार[17] है।

तूँ रज़्ज़ाक़[18] है होर तूँ ही अज़ीम[19],
तूँ फत्ताह[20] है होर तूँ ही अलीम[21]।

तूँ कुद्दूस[22] है होर तूँ ही समी[23],
तूँ क़य्यूम[24] है होर तूँ ही बदी[25]।

तूँ राफ़े[26] अहै होर तूँ ही अली[27],
तूँ जामे[28] अहै होर तूँ ही वली[29]।

तुँ हीं है मालिक[30] होर तुँ हीं सलाम[31],
तुँ हीं है मुहिमिन[32] तुँ हीं नेक नाम।

तुँ हीं है मुइज़्ज़[33] होर तुँ हीं बसीर[34],
तुँ हीं है मुज्जिल[35] होर तुँ हीं ख़बीर[36]।

१ बनाने वाला २ गुप्त ३ गिनने वाला ४ सृजनहार ५ एक ६ पश्चाताप को स्वीकार करने वाला ७ पालनहार ८ श्रेष्ठतम ९ बटवारा करने वाला १० मार्गदर्शक ११ परम्परा को बनाए रखने वाला १२ नेकी देने वाला १३ चमकना १४ अपराध क्षमा करने वाला १५ सख्ती करने वाला १६ दाता १७ ग़ालिब, सब से बढ़ कर १८ अन्नदाता १९ श्रेष्ठतम २० प्रकट करने वाला २१ जानकार २२ पवित्र २३ श्रोता २४ क़ायम रहने वाला २५ आविष्कारक २६ उन्नति करने वाला २७ उन्नतिशील २८ जमा करने वाला २९ सहायक ३० बादशाह ३१ रक्षक ३२ निगाहबान, नज़र रखने वाला ३३ इज़्ज़त देने वाला ३४ देखने वाला ३५ ज़लील करने वाला ३६ ख़बर रखने वाला।

तुँ हीं हाफ़िज़[१] है होर तुँ हीं हबीब[२],
तुँ हीं हक़[३] है होर तुँ हीं मुतीब[४]।

तुँ हीं है खलील[५] होर तुँ हीं करीम[६],
तुँ हीं है अज़ीज़[७] होर तुँ हीं हकीम[८]।

तुँ ही बासिल[९] है होर तुँ ही क़रीब,
तुँ ही क़ाबिज़[१०] है होर तुँ ही मुज़ीब[११]।

तुँ ही है लतीफ़[१२] होर तुँ ही ग़फ़ूर[१३],
तुँ ही है हफ़ीज़[१४] होर तुँ ही शुकूर[१५]।

तुँ ही है हलीम[१६] होर तुँ ही शदीद[१७],
तुँ ही है कवी[१८] होर तुँ ही मजीद[१९]।

तुँ ही हई[२०] होर तूच सत्तार[२१] है,
तुँ ही मुही[२२] होर तूँच गफ़्फ़ार[२३] है।

तुँ ही वाहद है होर तुँ ही अहद,
तुँ ही मुक्क़सित[२४] है होर तुँ ही समद।

तुँ ही है वकील होर तुँ ही शहीद,
तुँ ही है मुईद होर तुँही हमीद।

रूफ़[२५] होर रशीद[२६] होर माने[२७] तुँ ही,
वदूद[२८] होर ग़नी होर नाफ़े तुँ ही।

कबीर होर वासद है सुभान तूँ,
करीम होर रहीम होर रहमान तूँ।

१ देखने वाला २ मित्र ३ जाहिर और बातिन की खबर रखने वाला ४ अमर ५ मित्र ६ दाता ७ ग़ालिब ८ हुकुम करने वाला ९ अन्नदाता १० परेशान करने वाला ११ दुआ को स्वीकार करने वाला १२ दूरदर्शी १३ बख़शने वाला १४ नज़र रखने वाला १५ शुक्रगुज़ारों की इज्ज़त करने वाला १६ सहनशील १७ विशेषतया अधिक करने वाला १८ शक्तिवान १९ ऊँची ज़ात वाला २० अमर २१ गुनाह क्षमा करने वाला २२ ज़िन्दा करने वाला २३ बख़शने वाला २४ ताक़तवर २५ महरबान २६ नेक राह पर चलने वाला २७ मना करने वाला २८ मित्र।

मुमीत[1] मतीं[2] मुग़नी[3] होर ज़ार[4] तूँ,
मुक़द्दम[5] मुअख़्ख़र[6] करतार तूँ।

अहै तूँ अथा तूँ अछेगा तुँ ही,
रचे तूँ रच्चा तूँ रचेगा तुँ ही।

हमीं ऐन तूँ इस में है ऐन नूर,
तूँ नज़दीक हमारे हमी तुज ते दूर।

रमे रात दिन यूँ हमन संग तूँ,
कि जू नीर मिल कर अछे रंग सूँ।

तूँ अछता अहे जीव ज्यूँ दिल भित्तर,
हमीं ढूँढ़ते तुज किधर का किधर।

यता तूँ है नज़दीक जाने ना कोय,
क़दीम आशना होर. पछाने न कोय।

तुजे फ़ाम[7] नईं फ़ाम का काम नईं,
तेरे काम कुछ फ़ाम कूँ फ़ाम नईं।

यहाँ इश्क़ दायम[8] परेशान है,
यहाँ ख़्याल होर वहम हैरान है।

समा[9] सात मुद सट परेशान हो,
तुजे धूंढ़ते फिरते हैरान हो।

ज़मीन सुस्त हुई यूँ जो हिलती नहीं,
हुए पाँव माँदे जो चलती नहीं।

सूरज चांद तारे ना चुक[10] ठैरते,
तूँ काँ है तुजे ढूडते फेरते।

१ मारने वाला २ दृढ़ ३ निश्चिन्त ४ कष्टदायक ५ अनादि ६ अनन्त ७ समझ ८ सदा ९ आकाश—सातों आकाश में १० थोड़ा।

वले कौन जाने के तूँ काँ अहै,
हुँ ही जानता है अपै जाँ अहै।

तेरी कुदरत आँगे है ज़र्रे ते कम,
अर्श[1] होर कुर्सी व लोह[2] व कलम।

अछै तुज समद[3] बीच सीप्याँ समाँ,
धरत[4] सात बुलन्द नौ आसमाँ।

बनाया घराँ इस में बेघात[5] के,
सितार्यां ते आले उत्तम ज़ात के।

अपै पारकी होर अपै मुशारी,
अपै है ग़वास होर अपै जौहरी।

अपै शहर आपीच बाट ज़ार है,
अपै बेच, आपी खरीदार है।

वही एक करता है भोत घात भेस,
कधीं रात होवे कधी होवे दीस[6]।

अपै दीस होर आपीच रात,
अपै झाड़ है होर आपीच पात।

अपै फूल, अपै फल अपै बन अहै,
अपै चाँद अपै सूर अपै खन[7] अहै।

गर्ज़ एक आपीच सब टार है,
इसी नूर का सब में झलकार है।

खुदा या बड़ा तूँ, बड़ाई है तुज,
हमीं सब बन्दे है खुदाई है तुज।

बनाया तूँ आदम कूँ भोत चाव सूँ,
सो खाक होर अगन पानी होर बाव[8] सूँ।

---

१ ईश्वर का निवासस्थान २ तख्ती, स्लेट ३ समुद्र ४ धरती ५ कई प्रकार के ६ दिन ७ खण्ड, पृथ्वी ८ हवा।

मिलनहार यक ठार नईं है यू चार,
तेरे डर ते मिल कर रहे एक ठार।

करे आग कूँ पानी-पानी कूँ आग,
कवे कूँ सो हंस होर हंस कूँ सो काग।

खुदा है तूँ यो काम तुज को सुहाय,
कि जीवते कूँ मारे मुवे[1] कूँ जिवाय।

के बिस देके नईं मारता नाग कूँ,
रख्या है तूँ पानी मने आग कूँ।

बनाया मिश्क[2] मिरग की नाफ़ में,
दिया रिज़्क[3] सीमुर्ग़ कूँ क़ाफ़[4] में।

भूँक कूँ खुरश[5] जब तूँ बारा[6] किया।
समुन्दर के तईं आग चारा किया।

भले होर बुरे कूँ दिया रिज़्क अपार,
के ज्यूँ नीर बरसे बदल ठार-ठार।

वले मेंहूँ[7] बी कईं पड़े ना पड़े,
तेरा रिज़्क सब कूँ सदा आँपडे।

बन्दयाँ कूँ किसी बात का ग़म नहीं,
भर्या है खज़ाना तेरा कम नहीं,

तूँ झाड़ाँ कूँ कपड़े दिया सब्ज़ पान,
मुअल्लक़[8] रख्या हैं ज़र्मीं आसमान।

दीवा कर चन्दर शमा कर भान कूँ,
दिपायाँ दो जग के शबिस्तान[9] कूँ

१ मृत २ इत्र ३ रोज़ी ४ कोहे क़ाफ़ में परियाँ रहती थीं। उस बन में परिन्दों को खाने के लिए कुछ नहीं होता था। वहाँ भी ईश्वर ने सीमुर्ग़ को रोज़ी प्रदान की। ५ दुःखी होना ६ पानी ७ वर्षा ८ निराधार ९ संसार।

पतंग कूँ दिये का पिरत लाया,
कमल पर तूँ भौरे कूँ लुब्दाया[१]।

दिया बीतें बिज बिजन नार कूँ[२],
छिपा कर रख्या बीज में झाड़ कूँ।

हरेक बन के दुरजक कें तईं जगाधार,
खिज़ाँ[३] कुफ्ल कीता है केली बहार।

तू आदम के फ़र्ज़न्द कूँ खाने मुदाम[४],
धरत होर अम्बर दिया खुश इनाम।

अजब तेरी कुदरत केरे काम है,
समझने वो कुदरत किसे फाम है।

तेरा शुक्र वाजिब है दर हम अपार,
किया नेमताँ जग पो नाज़िल[५] हज़ार।

सके कौन तेरा शुक्र सारने[६]
है कुदरत किसे याँ जो दम मारने[७]।

जकुच्छ है सो तेरी छुपी हिकमताँ,
सके फाम नईं अक्ल सूँ कोई कहाँ।

अगर जो करम[८] होय तेरा किस उपर,
छुपी हिकमताँ होय अयाँ[९] उस उपर।

सकत है तुजे तूँ जगत का धनी,
किया जाय तुज कूँ धनी होर ग़नी[१०]।

निजा दिल की अँखियाँ सूँ देखूँ जिधर,
के तुज बिन नहीं कुच पड़ता नज़र।

---

१ लुब्ध किया २ गर्भ में नार को छिपा रखा है ३ पतझड़ ४ सदा ५ देना ६ तेरा अहसान मानना जरूरी है ७ ईश्वर के खिलाफ़ कहने का साहस नहीं है ८ कृपा ९ प्रकट १० सम्पन्न।

जे चीज़ अपनी कुदरत ते परगट किया,
सो रहने अपस ठार हर घट किया।

तेरा मारिफत[1] जग में भरपूर है,
हरेक ठार रोशन तेरा नूर है।

के तू नईं सो कोई ठार दिसता नईं,
ना यक ठार है तूँ अहै हर कहीं।

बन्दयाँ पर है तेरा करम एक धात,
है तेरी नज़र सब पै हर एक सात।

करम सब बन्दयाँ पर करनहार तूँ,
मया[2] सब पै यक रंग धरनहार तूँ।

किया है तु हीं कर करीमा[3] करम,
बक़ा[4] कूँ बक़ा होर अमद[5] कूँ अदम।

दिखाया बक़ा कूँ अदम में थे तूँ,
बनाया है शादी कूँ ग़म में ते तूँ।

तूँ साहब हुकम सब पै धरता अहै,
जकुछ करन मँगता सो करता अहै।

मुँजे बेनियाज़ी[6] दे दो जग मने,
मुजे सरफ़राज़ी[7] दे दो जग मने।

---

१ इल्म, ज्ञान २ प्रेम ३ कृपा करने वाला ४ अमर ५ नश्वर ६ किसी के आगे हाथ न फैलाने वाला ७ मुझ पर कृपा कर।

## दर मुनाजात बारी ताला[1] जल जलालहु

महरबान साहब ग़नी एक तूँ
करम की नज़र सूँ मुंजे देक तूँ।

कमीना बन्दा सब ते कमतर हूँ मैं,
गुहर[2] कर मुंजे तूँ के कंकार हूँ मैं।

अगर नूर तेरा सटे चक पै शाब[3]
अजब नईं जो कंकर होय आफताब।

अरे दिल कूँ रौशन कर अप नूर ते
तजल्ली[4] दे अगला चन्दर सूर ते।

नही मुज कूँ आधार तुज बाज[5] कोय,
मयावन्त[6] दाता तुज बाज कोय।

खुदाया मुंजे खैर दे शर सतं,
निडर कर बड्याँ के बड़े डर सते।

निडर सबते कर डर तूँ अपना दिला,
दो जग में मुंज अपना तूँ जपना दिला।

इलाही इलाही गुनागार हूँ,
गुनाहाँ में अपने गिरफ्तार हूँ।

गुना की गिरफ्तारी थे दूर कर,
सवाबाँ सूँ तूँ मुंज कूँ पुर नूर कर।

असल का तो नईं गंज कुछ मेरे पास,
वले तेरी बक़शीश की है भोत आस।

गुनागार बन्दे हमीं थार थे,
भर आयें क्यों तेरे उपकार थे।

---

१ ईश्वर से प्रार्थना करना २ मोती ३ 'शहाब' अरबी का शब्द है, चमकने वाला ४ चमकनेवाला ५ तेरे सिवा ६ माया युक्त, ममतावाला।

जो तूँ बोल भेज्या सो सब साच है,
हमीं नई सुने चूक[1] हमराच है,

खलासी[2] दे मुज जग के जंजाल ते,
तूँ ग़ाफिल नको अछ मेरे हाल ते,

गुनागार हमीं सब गुनागार है,
जकुच तूँ करे सो सज़ावर[3] हैं।

सचा एक साहब है सुभान तूँ,
के माँ बाप थे है महरबान तूँ।

गुनाहाँ ते मेरे मुँजे रुच[4] नहीं,
जो तूँ बख्शने आय तो कुच नहीं।

जो जोश आय दरया तेरे प्यार का,
गुना धो सटे तिल में संसार का।

हमन पाप ते पुन तेरा ज्यास्त है,
नहीं शक कुच इस में के यो रास्त[5] है।

खुदा कूँ जकुच काम भाता अहै
सो मुँज हात ते नई हो आता अहै।

तूँ बख्शयाँ है भी होर बख्शाएगा,
गुनागार कूँ बहिश्त में ल्याएगा।

मुराद है हरेक खूब[6] होर जिश्त[7] का,
के देखें तमाशा तेरी बहिश्त का।

दिला मुँज मेरे दिल के मकसूद[8] तूँ,
के मौला सचा होर माबूद[9] तूँ।

तेरा शुक्र हमना ते क्या होएगा
तू धोया गुनाहाँ सो भी धुएगा।

---

१ त्रुटि २ छुटकारा ३ लायक़ ४ इच्छा ५ सत्य ६ अच्छे ७ ख़राब ८ इच्छाएँ
९ पैदा करनेवाला ।

तु ही एक आपीच सब का अधार,
तु ही एक साचा है परवरदिगार।

तु ही एक प्रगट है हर शै मने,
तु ही एक अछुता[1] अहै लई[2] मने।

रह्या यूँ तूं आदम के दिज तंग में,
कि ज्यूँ आग पिनाहाँ[3] अछे संग[4] में।

इबादत की चकमक वक्फ़ सिद्क़ अपार,
मिला क़ल्ब के संग सूँ एक टार।

जो तीनो यो मिल कर अछे ढंग सूँ,
छुपी आग परगट दिसे संग सूँ।

दीवा दिल, बत्ती दम, मन्धिर[5] जिस्म है,
अगन जीव होर तेल तुज इस्म[6] है।

बुरी बाव ते यक कथन[7] रख इसे,
जतन रख जतन रख जतन रख इसे।

के सब कूँ सम्भालनहारा है तूँ
दो जग जीव का पीव प्यारा है तूँ।

खुश आवाज़ नई कूँ किया है तु ही,
सो निर्जीव कूँ जीव दिया है तु ही

अगर नई कूँ जीव नई तो क्यों बोलती,
छुपे राज़ के पर्दे क्यों खोलती।

समज देक ऐ दिल तूँ टुक फिक्र सूँ
नको गाफिल आछ उस केरे जिक्र सूँ

किसे जियूँने का नित पितयारा[8] अहे,
के जियू जिस कूँ कहते सो चारा अहे।

---

१ सजता है २ चन्द्र के चारों ओर की गोलाई ३ गुप्त ४ पत्थर ५ मन्दिर ६ नाम ७ आग्नी ८ विश्वास।

नको भूल तूँ जग के इस चाव पर,
पितयारा किया नईं कने बाव उपर।

दग़ा देने शैतान इस शहर में
शकर कूँ मिला कर रख्या ज़हर में

भुलाती है दुनिया भोत साज़ सूँ,
नको जीव ला इस दग़ाबाज़ सूँ।

वफ़ा नईं करे यो अछों किस सते।
के हर्गिज़ वफ़ा नईं हुआ इस सते।

दाग़ देगी तुज कूँ दग़ा कूँ खान को
मुसल्लम[1] उसे सोंच जीव ला नको।

जो जीव लायगा तू खुदा सूँ लगा।
मुहम्मद नबी मुस्तफ़ा सूँ लगा।

दो दिन इस दुनिया में तूँ अच्छ इस उसूल,
के तुज ते खुदा खुश अछै होर रसूल।

अरे दिल तूँ ग़फलत में ते भार हो,
केता सोयगा टुक तूँ हुश्यार हो।

तुज इस पन्त[2] में क्यों नींद आती अहै,
दुनिया रह गुज़र उम्र जाती अहै।

तूँ मस्त है दुनिया का खबर नईं तुजे,
खबर ले खबर यो अगर नईं तुजे।

तूँ गाफ़िल है आ चल मेरी बात में,
सँपड़ता है की हिर्स[3] के हाथ में।

हवा हिर्स जो दूर करते अहै
बड़ा मर्तबा सब में धरते अहै

१ पूरा २ मार्ग ३ स्वार्थ।

जो तुज हुक्म महताबेमा है अछे,
सुलेमान[1] की पादशाही अछे।

नको तूँ ग़रूरी से मग़रूर हो,
हवा हिर्स के हाथ ते दूर हो।

हमीं बाटसारन निमन याँ अहै,
रनावाँ हमारे घराँवाँ अहै।

बिकट घाट सँन्भाल उस घट में,
कने घर किया नई अभू बाट में।

दुनिया बाट माया सो ईमान है,
वहाँ बाट पाड़ो सो शैतान है।

छुपा कर जतन रख तूँ ईमान कूँ,
सँचरने नको वाँ दे शैतान कूँ।

तूँ वो काम कर जो तुज काम आय,
के पछता कर जो आख़िर तूँ हैफी[2] न खाय।

दुनिया में तूँ आया तो कुछ काम कर,
ख़ुदा कूँ जो भाता है सो काम कर।

के दायम[3] रहने का नई ठार याँ,
नहीं कोई आया है दो बार याँ।

जकुच याँ ते संगात ले जाएगा,
दुगन तिर्गुन उसका तूँ वाँ पाएगा।

सकेगा तूँ कोशिश कर उस बात में,
जकुच ख़ूबी आवे तेरे हात में।

तूँ उसकी इबादत में दिनरात अछ,
तूँ उसका च हो उसके च संगात अछ।

---

१ सुलेमान एक पैग़म्बर थे जो इन्सानों के साथ जानवरों पर भी हुकूमत करते थे २ अफ़सोस
३ सदा।

नको छोड़ साहब की ख़िदमत तूँ कर,
के ख़िदमत ते होता है प्यारा नफ़र[१]।

मुशारे[२] कूँ हाज़िर हो नौबत चुकाय,
नफ़र चाकरी छोड़ क्या काम आय।

खुदा हक़ है हक़ कूँ नको तूँ विसार,
के मरना है हक़ होर जीना उधार।

खुदाया तूँ मुंज पर दया दिश्ट[३] धर,
तेरा प्यार यक धात है सब उपर।

सरफ़राज[४] सब कूँ करनहार तूँ,
के धरता मया[५] होर धनहार तूँ।

तु ही हुस्न कूँ जग में नियजाय कर,
कर्या इश्क़ कूँ आशिक़ उस उपर।

छुपाया है यो दो में अपना तूँ राज़,
यकस कूँ दिया नाज़ यकस कूँ नयाज़[६]

जो आशिक़ सच्चा होर जाँ बाज़ है
अयाँ उस उपर यो छुपा राज़ है।

दे मुँज इश्क़ मजनूँ से दीवाने का,
पिला मय मुहब्बत के मयख़ाने का।

मुहब्बत केरा मय जो पीता अहै
मर्ग उसकूँ नईं जम[७] व जीता अहै।

मुहब्बत के मय कूँ पिला तूँ मुँजे,
नको मार दायम जिला तूँ मुँजे।

जो जग में सदा काल जीता अछूँ,
मुहब्बत केरे मय कूँ पीता अछूँ।

---

१ फौज का सिपाही २ तनख़ा ३ नज़र ४ दान ५ स्नेह ६ नाज़ नख़रे ७ जमशीद से जम लिया गया है। ईरान का बादशाह जमशीद था जिस का जामेजम मशूर है।

## नात

मुहम्मद नबी नाँव तेरा अहै,
अर्श के उपर छाँव तेरा अहै।

के चौदा मुलक का तूँ सुलतान है,
अली सा तेरा घर में परधान है।

असी होर यकलाक पैगम्बर आए,
वले मर्तबा कोइ तेरा ना पाए।

छुप्या नूर सब काँ तेरे नूर अंगे,
के ज्यूँ तारे छुपते अहै सूर अंगे।

मसीहा बन्दा आज तुज राज़ का,
मुअल्लिमनम[1] अहै नूह[2] तुज भाज़ का।

ख़ुदा सें गुमे तूँ जहाँ से ख़लील,
ना ईसा वहाँ आये ना जिब्रील।

अर्श कुर्सी तुज घर है दर आसमाँ,
तूँ सूरज है बादल तेरा सायेबाँ।

मलायक[3] अहैं जितने आसमान में,
रहें रात दिन सब तेरे ध्यान में।

तूँ सुलतान मुसहफ़ इल्म है तेरा,
नबियाँ होर वलियाँ सब चश्म है तेरा।

अवल होर था दीन अब होर हुआ,
मुहम्मद ते यो दीन वर जोर हुआ।

१ गुरु २ कहा जाता है कि एक बार प्रलय आया था। समस्त संसार नष्ट हो गया था और चारों ओर जलराशि ही थी। उस समय नूह नामक पैग़म्बर जिन्हें आदम के बाद दूसरा पैग़म्बर मानते हैं शेष रह गए थे और नाव में बैठ कर बच गए थे। उन्हीं से दूसरी सृष्टि का संचार हुआ ३ फ़रिश्ते।

बन्दे हो के खिदमत करे तेरे घर,
अज़ल[1] होर अबद[2] होर क़ज़ा[3] होर क़दर[4]।

तेरा दीन जिस दिन ते परगट हुआ,
सो उस दिन ते सब कुफ़र तलपट[5] हुआ।

मुहब्बत मुरव्वत वफा होर हिलम[6]
हलीमी[7] सलीमी[8] अमल होर इलम।

तूँ पैदा हुआ यो हवैदा[9] हुए,
अवल यो न थे तुज ते पैदा हुए।

पतयाँ खसलताँ खूब है किस मने,
गज़ब होर गुस्सा नहीं जिस मने।

नवद नौ[10] हैं तुज नाँव यक नाँव नईं,
तूँ रब[11] छाँव है छाँव कूँ छाँव नईं[12]।

तूँ नूर होर नूरिच तेरा नाँव है,
तूँ चँदना तुज चन्दर केरा छाँव है।

जो दिन छाँव तेरा उजाला अछै,
ना निस तूँ के तुज छाँव काला अछै।

के तूँ नूर तुज छाँव भी नूर है,
अंधारा उजाले सते दूर है।

उजाला सो दीस होर रात अन्दकार,
नहीं मिल कर अछते यो दो एक ठार।

उजाला है जाँ, वाँ अंधारा नहीं,
अंधारा है जाँ उजाला नहीं।

१ सृष्टि २ प्रलय ३ तदबीर ४ तक़दीर ५ नष्ट ६ दया ७ कृपा ८ नेकी ९ जाहिर १० ९९ नाम हैं ११ ईश्वर १२ मुहम्मद स्वयं ईश्वर की परछाईं है, अतः परछाईं की फिर छाया कैसे होगी ? कहा जाता है कि मुहम्मद की छाया नहीं होती थी। हिन्दुओं में भी विश्वास है कि देवताओं की छाया नहीं पड़ती।

तेरा छाँव वो है जो कुहतूर[1] ते
निकलते झमक्य अधिक सूर ते।

तेरी छावँ का नूर जग देक कर,
ख़बर सुन के मूसा हुआ बेख़बर।

जो देखे तेरी छाँव का ज़र्रा नूर,
पड़े मस्त हो भुँई पो अंबर ते सूर।

उमीद्वार है जग तेरे प्यार का,
बख्शाये[2] तूँ पाप संसार का।

शफ़ाअत[3] करन हार सब को तुँ हीं,
अपैं लाड़ला एक रब का तुँ हीं।

१. मूस ने इच्छा प्रकट की थी कि वे ईश्वर को साक्षात् देखना चाहते हैं। ईश्वर के 'ना' करने पर भी वे ज़िद करते रहे। अन्त में ईश्वर उन्हें तूर के पहाड़ पर आने की आज्ञा देते हैं। मूसा जब पहाड़ पर पहुँचते हैं तो ईश्वर के प्रज्ज्वलित प्रकाश से बेहोश हो जाते हैं और तूर पहाड़ भस्म हो जाता है २ क्षमा करे ३ ईश्वर से सिफ़ारिश करनेवाला।

## जिक्र मेराज़[1]

सिफत कर तूं मेराज की रात का,
के जाग्या अहै बख़्त[2] तुज बात का।

अथा उस रैन कूं अजब कुछ नूर,
के लाखाँ ते चंदाँ करोड़ाँ ते सूर।

मुल्क ज़रगराँ[3] ज़र ले कर सूर का,
मुलम्मा[4] अम्बर कूँ किए नूर का।

नबी आते हैं कर सुने जब या बात,
सँवारन लगे नौ अम्बर धात धात।

मलायक मिले थे नौ असमान के,
मुक़रब[5] बडे पाक भूमान[6] के।

जो जिब्रेल ते पाये खुश यो खबर,
बजाने लगे सब तबल अर्श पर।

नबी थे अभूँ आपने घर मने,
जो ग़ोग़ा[7] किये क़ुदसी[8] अम्बर मने।

नबी आज हमारे यहाँ आयेंगें,
हमें सब उनों का दरस पायेंगें।

मलायक उछलने लगे जौक़ सूँ,
सो हज़रत के दीदार के शौक़ सूँ।

फ़रिश्ते सूरज चाँद तारे तमाम,
नौ असमान के रहन हारे तमाम

क़दम बोसी के शौक़ ते धाय कर,
रहे पैले असमान में आय कर।

१ सीढ़ी। यहाँ मुहम्मद का ईश्वर के पास जाने से भाव लिया गया है २ भाग्य ३ सुनार ४ सोने का पानी ५ इज्जतवाले ६ मर्यादा के ७ शोर ८ अफसरा।

जुदा थे मिल कर सभी एक ठार,
खुशियाँ ऐश करते अथे बेशुमार।

जो वैसे में जिब्रेल[१] उतर आय कर,
बशरत[२] सो हज़रत कने ल्याय कर।

बग़ल म्याने ग़ाशा[३] ले कर खासेदार,
हुआ जिब्रेल होर पाकड्या तखार।

नबी कूँ सारा कर भोत धात सूँ,
नज़ीक आकर बोल्या मिठी बात सूँ।

कहा तुज खुदा ने किया है सलाम,
बुलाया तुजे आज अपने मुक़ाम।

बड़ी रात है आज मेराज की,
मुबारक अछो रात तुज आज की।

नवी बात यो सुन कहे जायाँ चल,
छुप्याँ नेमताँ ग़ैब[४] कियाँ पायँ चल।

सवारी के खातिर नबी की वसाक़[५],
ले कर आए संगात तेज़ी बुराक़[६]।

बुराक़ आज खुश गर्म ज्यूँ बर्क़ है,
के सर पाँव लग नूर में ग़र्क़[७] है।

चड्य पीट पर उस की वो माहताब[८],
लग्या उड़ने असमान पर ज्यूँ शहाब[९]।

फरिशते यकायक उठे देख कर,
खुदा के नबी कूँ वो सब नेक कर।

१ एक फरिशते का नाम जो मुहम्मद को ईश्वर का सन्देश देता था २ खुशखबरी ३ क़ालीन ४ गुप्त ५ साथ ६ घोड़े और ऊँट की शक्ल का एक पशु जो बहुत तेज़ जाता है ७ डूबा हुआ ८ चाँद पर यहाँ मुहम्मद से भाव लिया गया है ९ टूटता हुआ तारा।

अवल बेग जा पाँव पड़ने के तईं,
आपस में अपै लागे पड़ने के तईं।

जो एकाएक आकर पड़े पाँव सब,
खड़े रहे अदब सात एक टाँव सब।

नबी खिंग[1] कूँ वाँ ते आगे चलाय,
मलक सब नबी सात अम्बराते आय।

मलायक सभीं आए थे हाल में,
सो वैसे पड़े फिर को ग़ल ग़ाल[2] में।

पड़ी किस की छाँव जूँ फर्श पर,
उछलती वो जा कर खड़ी अर्श पर।

शफ़क़ गाशिया होर तुरंग बंज है,
तुरंब बीच हुआ सार सो रंज है।

न रहे टैर नौ आसमाँ में नबी,
गसे लाम काँ के मकाँ में नबी।

खड़े रहे वज़ाँ जिब्रेल होर बुराक़,
न था ज़री इतना उनों में निफाक़[3]

निदा[4] ग़ैब[5] ते आके हज़रत कनें,
बुला ले गया वाँ ते ख़िलवत[6] मने।

किसे फ़ाम[7] खिलवत में वाँ क्या हुआ,
ख़ुदा होर हज़रत में वाँ क्या हुआ।

मुहम्मद कूँ जिस रात मेराज हुई,
न था दूसरा वाँ अली बाज कोई।

उनो तीनों कूँ बात यो फ़ाम है,
समझना वो चौथे का नईं काम है।

१ घोड़े २ गड़बड़ ३ जुदाई ४ आवाज ५ आकाशवाणी सी ६ राज की जगह
७ मालूम।

## मक़बात[1]

तूँ जग का प्यारा तूँ जग का अधार,
ख़ुदा का तूँ हमदम, नबी का तूँ यार।

तूँ हत खड्ग ले जब किता कुफ्र धोय,
तूँ मसजिद मने दीन की बांग होय।

किया मोमिनाँ काफिराँ मार मार,
कुफ्र का दंदी दीन का दोस्तदार।

मुसलमां के सफ़[2] कूँ तुज ते है नाम,
वो सफ़ जूं है तस्बीह तूँ ज्यूँ इमाम[3]।

खबर सब अहै नेक होर बद की तुज,
सुहाती है जागा मुहम्मद की तुज।

छुड़ाया अहै दीन का बन्द तूँ,
ख़ुदा की खलक़[4] कूँ दिया पन्द[5] तूँ।

अथे यार सब यार बन्द भोत कर,
भरोसा नबी का अथा तुज उपर।

किया कुफ्र सब खार[6] पामाल[7] कर,
नबी का रख्या दीन सँभाल कर।

मुहम्मद की जागा किने पायेना,
तुज अछुतें किसी होर कूँ आयेना।

बड़ा यार याराँ मने यार तूँ,
के पाया मुहम्मद केरे[8] ठाँव तूँ।

---

१ प्रशंसा करना २ जमात, गिरोह ३ तजबी के समय जो दानों की माला फेरते हैं उसके अन्त में एक लम्बा दाना होता है उसे इमाम कहते हैं भाव है कि सब मुसलमान उन छोटे दानों की तरह हैं और ईश्वर इमाम की तरह ४ ख़ुदा की पैदा की हुई सब चीजें ५ शिक्षा ६ काँटे ७ खराब चीजों को समाप्त कर देना ८ के पास।

ख़ुदा रहम तुज पर है रहमान का,
तूँ प्यारा है प्यारा है सुभान का।

नौ असमान सारे की हस्त है तारे,
ज़बर्दस्त सब ज़ेरदस्त[1] है तेरे।

रहे घर में छुप रुस्तमाँ से सवार,
निकलते नहीं कोई दर[2] ते बहार।

किसे है कलेजा तेरे सम होने,
किसे ज़ोर है तुज सूँ हम तुम होने।

तूँ एक है तुजे कोई जोड़ा नहीं,
के ली है शुजाअत[3] यो थोड़ा नहीं।

जो कामाँ किया है शुजाअत के तूँ,
ख़बर नईं है रुस्तम कि अरवाह[4] कूँ।

गनी दीन सब कुफ्र क़ल्लाश[5] हुआ,
शुजाहत तेरा जग में यूँ फ़ाश[6] हुआ।

के रुस्तम कि अरवाह तुज धाक ते,
उछल कर पड़ी मार आ ख़ाक ते।

तूँ मारा है कुफ्फ़ार[7] कूँ आ के जाँ,
झड़ी लहू की अजूँ उबलती है वाँ।

तेरा खड्ग मुर्ग में अजब रीज़[8] का,
के धारा चढ़े दंद[9] के सीस का।

दँद्या पर जो तूँ खड्ग जो खींच धाय,
छुटे जल कूँ थंड आग कूँ ताप आय।

अजब अज़दहा है तेरा जुल्फक़ार[10],
एक दम सूँ जाल्या है सालिम[11] कुफ़ार।

---

१ अधिकार में हैं २ द्वार ३ वीरता ४ रूह का बहुवचन, आत्मा ५ फ़क़ीर ६ प्रकट हुआ ७ क़ाफ़िर की जमा ८ मैदान ६ शत्रु १० हजरत अली की दोधारा तलवार का नाम ११ सब।

हुआ कुफ़र काला इसी दम सते,
के मार्या अहै दम उने हम[1] सते।

जो ख़ूँरेंज़[2] तुज हात में खड्ग है,
सो वो खड्ग कुफ़्फ़ार का मर्ग है।

जो चक तुजे ग़जब[3] बहर[4] ऊपर होय,
तो ख़ुश्क होय कर बहर ज्यूँ बर[5] होय।

बड्या है तेरा धाक नौखनी[6] मने,
तूँ वो शेर दिल है के नईं बन मने।

जो आया नज़ीक अज़दहा चौक कर,
सट्या दो तरफ़ उस कूँ दो टूक कर।

अगर अर्श कूँ कोई सटे ठेल कर,
तूँ ज्यूँ गेंद अमानत लेवे झेल कर।

जो सीमुर्ग़ सम[7] होय ढीनाइ ते,
करे टुकड़े बारीक तूँ राइ ते।

अगर नारा मारे तूँ ऐ शेर जान,
इदर कर जमीं पड़े आसमान।

सूरज कूँ जो घूरे तूँ टुक डाट कर,
चढ़े अर्श पर धाक तें न्हाट[8] कर।

जो कुल्लाब अछता ज़मीं के दुम्बाल,
तो असमान पर उस को सटता उछाल।

लहा तुज अंगे मोम ज्यूँ नर्म है,
के ग़ुस्सा तेरा आग ते गर्म है।

जो उलठे हो नौ खम पड़े पुश्त सूँ,
रखे थाँब कर एक अंगुश्त सूँ।

---

१ मुक़ाबले २ ख़ून करने वाला ३ क्रोध ४ दरिया ५ पृथ्वी ६ नौ आसमान ७ सम्मुख ८ दौड़ कर।

अम्बर धरत[1] ने हाल तुज ज्यास्त दाव,
के गेंदाँ सो बहुराँ हैं चौगान बाव।

अगर ज़ोर वो ज़ोर मंद शह करे,
घड़ी कर नौ असमान कूँ तह करे।

इसी धाक ते शाह मरदान के,
पड्या लहू कलेजे में असमान के।

जो हँस ले सटे तेग़[2] तूँ ढेर कर,
ज़मीं कूँ दो वसली[3] करे चीर कर।

अगर हाक मारे तूँ आ हाल[4] में,
छुपे अर्श जा डरते पाताल में।

किया रद सर्मा कुफ्र के काम कूँ,
दिया जोर फिर कर तूँ इस्लाम कूँ।

क्यों मौतक़द[5] होय सब जग तेरा,
के हज़रत खवे पर लिए पग तेर।

खुदा जानता हक़ के यो रास्त[6] है,
के तुज हिल्म[7] तुज गुसे ते ज्यास्त है।

सिफ़त क्या करूँ मैं तेरे हिल्म का,
शुजाअत अमल[8] बख़्शिश होर इल्म का।

लग्या तुज हुकम बीच जल थल होने,
तूँ आख़िर हुआ सब ते अव्वल होने।

वही बल है आख़िर जो कुछ बल होवे,
जो आख़िर हुआ वोच अव्वल होवे।

ख़िलाफत ते ऊँचा तेरा टार था,
ख़िलाफ़त तुजे बैसना आर[9] था।

१ पृथ्वी २ तलवार ३ एक प्रकार का चिकना काग़ज़ जिस पर लिपिक लिपि सुधारने को लिखता है ४ क्रोध सें ५ श्रद्धालू ६ सत्य है ७ शान्ति ८ अच्छे काम ९ बेकार।

बड़ा तूँच आख़िर बड़ा तूँ असल,
तूँ ज़ाहिर में आख़िर है बातिन अवल।

न था दिल तेरा खुसरवी[1] पालने,
ख़िलाफ़त किया दीन सँभालने।

तेरा मरतबा ऊँच ते ऊँच है,
अवल तूँ है आख़िर कूँ बी तूँच है।

बड़ा तूँ बड़े है तेरे सब यो काम,
ख़िलाफत हुई खत्म तुज पर तमाम।

अली का मुहब नईं जकोई सच तूँ जान,
हरामी पने का वही है निशान।

१ बादशाही

## दर सिफ़ते[1] इश्क़ गोयद

बड़ा इश्क़ का सबते दर्जा अहै,
के यक जा नहीं इश्क़ हर जा अहै।

अगर इश्क़ कुछ बिलबिलाँ कूँ जो नईं,
तो की आह नाले करे फूल तईं।

अगर इश्क़ नईं है तो की शमा पर,
पतंगा अपसे जाले सितम आय कर।

अगर नईं है आशिक़ चकोर चांद का,
तो रातां कूँ क्या सब्र जागला।

के लैला व मजनूँ जो कहवाये हैं,
सो इस इश्क़ ते नाँव यूँ पाये हैं।

जो यूसुफ की आशिक़ ज़ुलेखा न हुई,
ना करता उसे आज लग याद कोइ।

अयाज़ होर महमूद जो वो अहैं,
सो मशहूर इस इश्क़ तें वो अहें।

जहाँ दो हैं वाँ इश्क़ बिन कुच नहीं,
नहीं इश्क़ कुच जिसमें वो कुच नहीं।

इसी इश्क़ ते आशिक़ है सरफ़राज़[2],
पछे या हक़ीक़त अछो या मजाज़[3]।

१ प्रशंसा २ प्रसन्न होना ३ मजाज़ी।

## दर शरह शेर गोयद

कता हूँ तुजे पन्द[1] की एक बात,
के है फायदा इस मने धात[2] धात।

जो बेरब्त[3] बोले तूँ बेताल पचीस,
भला है जो यक बैत बोले सलीस।

सलासत[4] नहीं जिस केरे बात में,
पड्या जाय क्यों जुज़[5] ले कर हात में।

जिसे बात के रब्त[6] का फ़ाम नईं,
उसे शेर कहने सूँ कुछ काम नईं।

नको कर तूँ लट्ट बोलने का हवस,
अगर ख़ूब बोले तो यक बैत बस।

हुनर है तो कुछ नाज़ की बत्तियाँ,
के मोटाँ नहीं बांदते रंग कियाँ।

वो कुच शेर के पन में मुश्किल अछे,
के लफ्ज़ होर माने यो सब मिल अछे।

उसी लफ्ज़ कूँ शेर में ल्याएँ तूँ,
कि ल्याया है उस्ताद जिस लफ्ज़ कूँ।

अगर फ़ाम है शेर का तुज कूँ छन्द,
चुने लफ्ज़ ल्या होर माने बुलन्द।

रख्या एक माने अगर ज़ोर है,
बले भई मज़ा बात का होर है।

अगर ख़ूब महबूब ज्यूँ सूर है,
संवारे तो नूराँ[7] अली नूर[8] है।

१ नसीहत २ प्रकार-प्रकार के ३ विना अभ्यास ४ सुन्दर पद ५ पुस्तक ६ सलीका
७ चमकने वाला ८ ज्यादा चमकदार।

अगर लाक ऐबाँ अछे नार में,
हुनर हो दिसे खूब सिंगार में।

हुनर मुश्किल उस शेर में योच है,
के थोड़े अछें हर्फ़ माने सो ले।

जो माने हैं माशूक़ भोत धात का,
पनाया हूँ किसवत उसे बात का।

न निपजे न निपज्या है गुन ग्यान में,
सो तूती मुँज ऐसा हिन्दुस्तान में।

के बाताँ यो सुन कर मेरी ज्ञान कियाँ,
रह्या ठक् हो कुमर्याँ[1] खुरसान[2] कियाँ।

जिते शायराँ शयर हो आयेंग,
सो मुँचते तर्ज़ शेर का पायेंग।

के फ़ेरोज़[3] महमूद[4] अछते जो आज,
तो इस शेर कूँ भोत होता रिवाज।

के नादिर थे दोनों बी इस काम में,
रख्या नईं किने बोल अभूँ फ़ाम में।

यो सब शेर कहते यो सब शेर नहीं,
के बोलाँ किंधर होर माने कहीं।

शेर गरचे ली[5] लोग जोड़े अहैं,
बुरे भोत होर खूब थोड़े अहैं।

दो जग जिस उत्तम हीरे का मोल है,
वो हीरा सो हरएक मेरा बोल है।

रतन बे बदल यो मेरे जाँ बिकायँ,
वहाँ चाँद सूरज दलाली न पायँ।

---

१ कबूतर की तरह का एक पक्षी २ स्थान का नाम ३ प्रसिद्ध बहमनी शासक फेरोज शाह
४ प्रधान मन्त्री महमूद गवाँ ५ बहुत।

अवन मोती यो देक निपट लाजते,
समद पानी गुल कर हुआ लाजते।

के मानक मोती यो उत्तम ज़ात के,
नहीं देख्या मैं कहीं उस धात के।

जो कोई जौहरी है सो पैछान कर,
मँगेगा रतन कूँ क़दर जान कर।

परख देक तूँ काच होर पाच कूँ,
बराबर न कर दूध होर छाच कूँ।

जहाँ पाच अछेगा वहाँ काच क्या?
जहाँ दूध अछेगा वहाँ छाच क्या?

न यो बात हर एक के सात है,
ज कोई आरिफ़ है उस सूँ यो बात है।

तू फल चाख देख होर लज्ज़त कूँ फ़ाम,
न कर मोल सब का सगट[१] तीन दाम।

जो करता यकस का हुनर देख कर,
हुनर बन्द उसे नईं कते हैं हुनर।

नवा दिल से ल्याना है मुश्किल कना,
के आसान है देक कर बोलना।

जकोई यूँ करे इस में कुच फ़ाम नईं,
हुनर देक सकता बड़ा काम नईं।

हुनरवन्द उस कूँ कह्या जायगा,
जकोई अपने दिलते नवा ल्यायगा।

फ़र्क़ है अवल होर आखीर में,
तफ़ावत[२] अहै नीर होर शीर[३] में।

१ एक साथ २ फ़र्क ३ दूध।

हुनर देख सकता है उस्ताद का,
फ़हम[1] खोर है आदमी जाद का।

कहीं पन्द की बात इस धात में,
यू पन्द है यहाँ करने की बात नई।

अगर किसते तिल खास कुच जानता,
उसे दिल में उस्ताद कर मानता।

न होसी हुनर इस वज़ा किस सते,
न कुर्सी क़दम कोई अंगे इस सते।

अगर कोई ज्ञानी चतुर ज्ञान है,
बदी याँ च गो[2] याँ च मैदान है।

दिसे परगट हो इज्ज़त इस बात का,
के दर्पन मिझाये कंगन हात का।

दखन में जो दखिनी मीठी बात का,
अदा नईं किया कोई इस धात का।

अदा यूँ अताल होय तो क्या अजब,
के आलम सुन्या है यो चौफेर[3] सब।

जो आक़िल है यो बात माने वहीं,
क़दर इस अदा की पछाने वही।

दिवाना हूँ मैं इस रँगी बात का,
के हर दिल में जो हो करे टार आ।

कहाँ बात वो चंचल होर चुलबली,
के दिल कूँ नहयाँ सू करे गुदगुदी।

मेरी बात सुन बात इस धात बोल,
के जीव कूँ खुशी हो होर दिल कूँ कलोल।

१ शक २ गेंद, गोला ३ चारों तरफ

यो निर्मोल है बात उसे मोल नईं,
हरेक बोल है वही[1] यो बोल नईं।

सुख़नगो[2] वही जिस की गुफ्तार ते,
उछल कर पड़े आदमी ठार ते।

यो बोल्या हूँ सब गंज[3] ना रंज है,
अभूँ मेरे दिल में बहुत गंज है।

जो लग बरस कोई सर लेवे रंज कूँ,
न पावें कधीं इस छुपे गंज कूँ।

हुआ जीव जब शेर यू बोलने,
ख़ज़ीने[4] लग्या ग़ैब के खोलने।

रतन यो अथे दिल केरे खान में,
वहाँ ते ले आया हूँ दुक्कान में।

गुहर यू मेरे यूँ लगे झमकने,
के पानी हो गए मोती सीप्याँ मने।

अगर ग़ोते लग[5] बरस[6] ग़व्वास खाय,
तो यक गौहर इस धात अमोलक[7] न पाय।

यो मोती नईं वो जो ग़व्वास पाय,
यो मोती नहीं वो जो किस हाथ आय।

ग़व्वसाँ किते ग़ोते खा खाय कर,
मुए[8] हैं सो इस समर में आय कर।

अपी हो के ल्याना सो है झूट सब,
ख़ुदा ग़ैब ते देवे तो क्या अजब।

के हंस नमने बिच समद यक जाय तूँ,
मरे डूब तल सिर उपर पाँव हो।

१ ईश्वर की दी हुई जानकारी २ बात कहनेवाला ३ खज़ाना ४ खज़ाना ५ एक ६ वर्ष ७ अमूल्य ८ मरे।

नको बोल मज़मून तूँ होर का,
के काला है दो जग में मूँ चोर का।

जिता चोरी कर चोर अपै साव होय,
दग़ाबाज़ उचक्के कूँ माने न कोय।

चुरा कर चुराता न की चोर कोइ ?
यो बाताँ समजते सो हैं होर कोइ।

न मुँज कुच बड़ाई न मुँज लाफ़ है,
वले आरिफ़ाँ पास इंसाफ़ है।

जनम गर दंदी[1] रश्क ते तलमले,
इनायत के कामाँ सते क्या चले।

दखन में अथ्या लप लै तरह होर मैं,
दिया यूँ सलासत[2] कूँ भी ज़ोर मैं।

के फ़ेरोज़[3] आ ख़ाब में रात कूँ,
दुआ दे कर चूमे मेरे हात कूँ।

कहया है तू यूँ शेर ऐसा सरस,
के पढ़ने को आलम करे सब हवस।

तूँ यू कर के खसलत[4] यू तुज आय ना,
के तूँ खुश अछे होर किसे भाय ना।

तूँ ऐसी तरज़ दिल ते निपंजा[5] नवी,
के दुसरे करें तेरी पैरवी।

'वजही' तेरा ज़हन ज्यूँ बर्क़[6] है,
तुजे होर बाज्याँ में ली फ़र्क़ है।

तेरा शेर सुन दिल पिगलता है यूँ,
के पानी ते अबलोज[7] गलता है ज्यूँ।

---

१ शत्रु २ ठीक-ठीक शब्दों का प्रयोग ३ एक प्रसिद्ध कवि ४ स्वभाव ५ पैदा किए
६ बिजली ७ मिश्री।

तूँ 'वजही' कह्या शेर कइ धात का,
हुआ ज्यास्त तुज ते मज़ा बात का।

शेर बोलना गरचे अपरूप[1] है,
वले फ़ामना कहने ते ख़ूब है।

१ जिस की बराबरी का कोई न हो।

## वजही तारीफ़ शेर खुद गोयद

कता हूँ सुनो कान धर लोग हो,
कहावत मने बात जो आप सो।

अगर शेर कोई कहे नवा कर जो ल्याय,
तो खावाँ कूँ सुन रश्क अलबत्ता आय।

अपस में अपे देख सकते नहीं,
यकस का सो यक मान रकते नहीं।

अगर कुच का कुच किधर का किधर,
कहे तो कते हैं इसी हीच कर।

उड़ाने मिले उस कूँ चौंघेर ते,
फ़ज़ीहत[1] करें पाँव लग सीर सते।

अगर खूब जो बोले तो वो अहै,
वगर जो बुरा बोले तो यों अहै।

हुआ शेर का इस वज़ा काम जब,
तो अब शेर कहना छुटे क्या सबब।

वले जीव रहता नई कहे बाज यो,
अजब सरकश है अब जो दे राज यो।

शेर खूब कह कर जो ल्याना अहै,
अपस पर बला एक बिसाना अहै।

हुनर में हुनर कोई जोता[2] नहीं,
तरक करने गए तो भी होता नहीं।

यू बलवन्द बचन इस में बलभोत है,
समज थोड़ी लोगाँ में छुल भोत है।

१ बुराई करना २ खोजना।

जिते अक्ल दौड़ाए अंदाज़ सूँ,
क्या नई किने[1] बात इस नाज़ सूँ।

तूँ भूटे ते भूटे नको अछ शाद[2],
के भूटे में अछसी[3] न हर्गिज़ सवाद।

न कई देख कर किसतें पाया हूँ मैं,
यो ताज़ा तरह[4] दिल ते ल्याया हूँ मैं।

जकोई फ़हम[5] में टुक हपनाँ[6] (?) अहें,
सो दुसर्या के वो खुश चैनाँ अहें।

कहे यो अब हालाँ रहने का है ठार।

इसी सात शह दिल में कुच ल्याय कर,
सो नज़दीक इस फाड़ के आय कर।

कहे शह अतारद कूँ के "क्या है यो,
के अन्दकार दिसता है इस धात सो।"

अतारद दिया शह के तईं यूँ जवाब,
"के अहै शह जहाँगीर आली जनाब।

बुलन्द गड़ यो बी मिस्ल घन सार है,
देवाँ होर साँपाँ का यो ठार है।

बनी आदम इस ठार नईं ठारता,
पंखी पंक इस ठार नईं मारता।

अंबर ते बी ऊँचा है ऊँचाई में,
धरत ते बी चौड़ा है चौड़ाई में।

जो यक संग सटे इस फडे[2] पर ते कोय,
तो भुई होर अस्माँ मिल एक होय।

'बिकट फाड़' इस फाड़ का नाँव है,
यो असमान इस फाड़ का छाँव है।

१ मुठभेड़, सामना २ पहाड़।

के टुक फ़हम इस पर जो चड़ता अहै,
तो मान्दा हो इस टार पड़ता अहै।

अन्देशा न चड़ लंग[1] हो पकड़े कमर,
नज़र ठेंस खा खा पड़े उस उपर।

न उस फाड़ पर संगरेज़े[2] अहें,
लूहंच[3] ख़ंजराँ होर नेजे अहें।

जो इस फाड़ पर जाने अछता महाल,
तो तुकड़े हो पड़ता फ़लक ज्यूँ अभाल[4]।

जो हिलती नहीं है जमीं टार ते,
सो इस फाड़ संगीन के भार ते।

जो शह देकते थे नयन लाय कर,
यकायक यक भेस सूँ आय कर।

बुलन्द एक बंडा पड़ा वाँ नज़र,
दो मशाल झमकते अथे उस उपर।

दो रंग थे उसे रंग सिया होर सफ़ेद,
कधीं होय परगट कधीं होय न पैद।

जो बंडा वो था सो यका एक वहाँ,
लग्या दिसने चिंग्याँ सूँ मिल कर धुवाँ।

कहे इस अतारद कूँ शाहेजहाँ,
"किने आग रोशन किया है यहाँ।"

जवाब उस दिया यूँ अतारद फिरा,
बड़ा एक रहता है याँ अजदहा।

बंडा नई यो उस अज़दहा का है तन
दो मशाल हैं उस अजदहा के नयन।

१ लंगड़ा २ साथी ३ तलवार ४ बादल।

के जबड़ा सो ज्यूँ ग़ार महकम अहै,
धुवाँ नईं यो उस साँप का दम अहै।

अथी आग शोले शफ़क़ खुम[1] सते,
सो उस नाग के आतिशी दम सते।

निकलता है शोल्याँ सूँ दम नाग का,
के बादल बरसता है मेंहू आग का।

चल ऐ शह फिरें अब हम इस घाट ते,
सलामत गया नईं कोई इस बाट ते।

जो दीखे नहीं बाट अंगे जाने कूँ,
लगे करने तदबीर फिर आने कूँ।

कहे शह के मरदाने मरदाँ कहीं,
अंगे का पछें पाँव रखते नहीं।

मर्द वो जो मरदाँ मने नाँव कर,
चले इश्क़ की बाट सर पाँव कर।

मुंजे काम नईं किस की तदबीर सूँ,
के राज़ी हूँ मैं उसकी तक़दीर सूँ।

तवक्कल[2] खुदा पर जो करता अहै,
वो हरगिज़ नहीं किसते डरता अहै।

मर्द ने पकड़ना बड़ा काम दस्त,
के लौटे तो भंडार मारे तो महस्त।

कही बात यो शह अतारद कने,
यकायक आ कर सो वैसे मने।

जो उट अजदहा शह के सन्मुक चल्या,
के महशर[3] के बारे ते डूँगर हिल्या।

१ बहुत २ विश्वास ३ प्रलय

यता कुच दो धरता अथा नाग बल,
के असमान कूँ मारता फन उचल।

जो नज़दीक आया वो टुक डाट कर,
गए लोग संगात के न्हाट कर।

इली वली थे मददगार वाँ,
ख़ुदा बिन न कोई शह कूँ था यार वाँ।

जो हमला कर आया वो शह के इधर,
खड़े रहे वहाँ शह फ़रंग[1] खींच कर।

सो शह हात का एक उसे घाव लग,
दो टुकड़े हुआ सीस ते पाँव लग।

जो जुलाब चक[2] वो सट्या क़हर ते,
जमीं सब हरी हो रही ज़हर ते।

नज़र ज़हर ते इसकी ना होय क्यों,
के नहूँ शाह के ज़हर मुहरा हो ज्यों।

हर एक ज़हरमुहरा सो परत्तीत का,
के करता अहै काम अमरीत का।

फरंग लाल सब लहू में हुई सर बसर,
के बिजली पड़ी जा शफ़क़ के भितर।

कहे सब के रुस्तम है शह रास्त तूँ,
शुजाअत में इस ते बी है ज्यास्त तूँ।

मदद अम तुजे शाह यासीन है,
के तूँ एक लाखाँ पै संगीन है।

इशाम सब पड्या पाँव इस बात कूँ,
लग्या गुड़ देने शाह के हात कूँ।

१ तलवार २ जरा सा।

हँसे शाह उस वक्त खुशहाल हो,
चले लोग सब शह के दुंबाल हो।

नैन भिकारी दर्स के और नित उठ माँगे भीक,
फुटो रे नैनन लहरीस (?) वा जिनों न लागे सीक।

जो यक ठार उतरे थे इस ठार ते,
पड्या शाह के दश्त[1] कूँ चारते।

सूरज ताब सब शाह सूँ जगमग्या,
सो यक पंजर सी कोट दिसने लगया।

के वो कोट शह देक हैराँ हुवे,
बुला कर अतारद कूँ नज़दीक कहे।

के "यो कोट दिसता सो किस का अहै,
तुजे फ़ाम है कह तूँ जिसका अहै।"

कह्या शह कूँ राकस[2] है इस ठार पर,
नहीं वाँ कहीं आदमी का गुज़र।

खन्दक़ सात हैं सात समन्दर समाँ,
हरेक बुर्ज उसका है ज्यूँ आसमाँ।

कंगूरे बुलन्द जो दिसे दीस कूँ,
कंगोई करते थे सूर के केस कूँ।

सौ नैन उसके दो चाह ग़द्दार हैं,
के सर तीन होर हात सौ चार हैं।

वो राकस बी ऐसा है काला बलाय,
जो शैतान देखे तो उस न्हास[3] जाय।

खन्दक़ बेबदल वो अजब ग़ार है,
के भुई के भुवन का मगर टार है।

१ जंगल २ राक्षस ३ भाग।

वो राकस के बालाँ है साँपाँ है यूँ,
चचुन्दे[1] पड़े अछते बेलाँ में ज्यूँ।

सुब्ह उठ निहारी करे नौ हती,
के मलऊन[2] है वो बड़ा निकबती[3]।

बुरा है वो दज्जाल तें सौ हिसे,
खुदा मूँ न दिखलाय उसका किसे।

न कोई सकसी[4] उस सात दन्द सारने,
अजल[5] का नहीं काम उसे मारने।

मौत मुश्किल है सब से योच ठार,
के वो भर है चौंधेर को चार-चार।

नही बाट अंगे शाह जाने किधर,
सो हमना कूँ यो कोट उलगे बग़ैर।

अभूँ याँ ते फिर जायँ तो खूब है,
के हैफ़ी[6] अंग खायँ तो खूब है।

के कोई देव सूँ दन्द बिसाया नहीं,
हतियाँ सूँ किने गाँडे[7] खाया नहीं।

न कोई सकसी अब इस सूँ दन्द सारने,
के उस कूँ अजल नईं सकी मारने।

कहे शह डरालू अहै तूँ अजब,
डराता है इतन्याँ कूँ सो तूँ च सब।

तेरे डरने ते सब यो डरते अहैं,
फ़िक्र न्हासने[8] के यो करते अहैं।

संगाती के लोगाँ तेरी बात ते,
निकल जायँगे यकदिन हात्त ते।

---

१ एक सब्जी जो साँप के आकार की होती है २ शैतान ३ हिकमती ४ सकेगा ५ मृत्यु ६ अफसोस ७ गधा ८ भागने।

न डर कर किसी ते निडर होइना[1],
अगर डर अछे तो बी डर नईं करना।

जो लोगाँ कूँ तक़वा[2] होय इस बात ते,
जो ना जाएँ डर कर वह संगात ते।

बुड़ा है तूँ यो बात नईं तुज कूँ फ़ाम,
के मरदाँ की हिम्मत ते होता है काम।

ज़िरह हेच है तन शह बुलन्द भाग का,
के शोला लहवे में पड्या आग का।

मकर[3] है मकर देव काले मने,
के या बाग[4] बैठा है जाले मने।

दिसे शाह झगड़े के मैदान में,
के शरजा[5] खड़ा है बियाबान में।

अतारद सूँ बात कर शह जवाँ,
मंगा तीर तरकस तुरंग[6] होर कमाँ।

के क़ौसो क़ज़ह[7] फ़तह बख़्श है कमाँ,
शहाबाँ तीराँ होर तरकश आसमाँ।

सोनेज़ा है कह कश के ख़ंजर हलाल,
सिपर हात मा दे अछे ज्यूँ अभाल।

सिले ग्रूब है जिस कूँ इस धात का,
उसे डर नहीं कुच किसी बात का।

पत्यारे के ले सात बारह नफ़र[8],
चले शाह इस पंजर सी कोट उधर।

ख़ुदा होर मुहम्मद अली का ले नाँव,
रखे कोट में शाह बेशक पाँव।

१ स्पर्द्धा करना २ भरोसा ३ ढोंग ४ शेर ५ शेर ६ घोड़ा ७ इन्द्र धनुष (?) ८ नौकर।

हुए जीव सूँ सब शह संगात अख़्तियार,
लगे फिरने इस कोट में ठार-टार।

देखे एक वाँ आदमी ज़ाद था,
परेशान हैरान नाशाद था।

जो देख्या वो शह कूँ उठ्या आह मार,
कह्या की "तुमें आय हैं ऐसी टार?

ली एक बदबख़्त राकस है याँ,
पकड़ता है आदमी कूँ देकता जहाँ।

तुमें पादशह हैं झूटे याँ न आव,
के यो ठार कुछ ख़ूब नईं बेग जाव।

अगर शह सुनेगा तो मेरी यो बात,
ग़ुलाम हो के मैं आऊँगा तुझ संगात।

रख्या है यो राकस मुंजे बन्द कर,
नहीं जाने देता है यक तिल किधर।

यकेला हूँ मैं याँ किधर न्हाट जाँऊ,
के कई न्हाट ने नईं सपड़ती है ठाँऊ।

अगर तूँ न आता तो मुंज क्यूँ होता,
ख़ुदा जिस कूँ मंगता उसे यूँ होता।

मुंज इस वक्त तुज सा मिल्या शह गम्भीर,
के दरमाँदे कूँ है ख़ुदा दस्तगीर।"

कह्या शाह उस आदमींज़ाद कूँ,
फ़क़ीर होर मसकीन नाशाद कूँ।

"तूँ आया है काँ ते तेरा ठाँव क्या?
के तूँ कोन है होर तेरा नाँवँ क्या?"

कह्या शह कूँ वो भोत जारी सते,
अज़ीज़ होर मुहब्बत सूँ यारी सते।

"यकायक अँपड्या हूँ मैं तुज लगन,
कता हूँ मेरा हाल मैं शाह सुन।

हलब में जो शहशाह सरतान है,
जो परधान उसका असदख़ान है।

असदख़ान जो है शाहे सरतान का,
सो फ़रज़न्द हूँ मैं असदख़ान का।

न मुंज भान ना मुंज कूँ भाई अहै,
असदख़ान बाप होर यक माय अहै।

बन्दा मैं तेरा हूँ मुंजे तूँ पछान,
के है नाँव मेरा सो मर्रीख़ ख़ान।

अनन्द ऐश सुख घर में धरता अथा,
जुकुच जीव मँगता सो करता अथा।

यकायक यक रात मनहर सुन्धर,
दीवाना हुआ ख़ाब में देक कर।

सो परदेसी यक कोई मेरा यार था,
हर यक इल्म ते वो ख़बरदार था।

कहा ख़ाब मैं यो उसे खोल कर,
बशारत दिया उन मुंजे बोल कर।

सो ताबीर उसका उने यो कह्या,
के ज्यूँ मैं जो देख्या अथा त्यूँ कह्या।

के दो शाहज़ाद्याँ है बंगाले में,
सो उस्ताद हैं नाज़ होर चाले में।

यकन जुहरा है दूसरी मुशतरी,
यकस ते अहै ख़ूब यक सुन्दरी।

मुँजे जो भुलाई सो ज़ुहरा अहै,
के इस नार कूँ हुस्न धर्या अहै।

मौत ज़ुहरा पर शाह मेरा जीव है,
वही जीव मेरा वही पीव है।

निपट जीव मंगता है उस पीव कूँ,
किता मैं रखूँ लालची जीव कूँ।

जुकोई बुलहवस[1] होर तमादार है,
जहाँ जायेगा वो वहाँ ख़ार है।

जिसे कुच तमा[2] नईं है वो ख़ार[3] नईं,
भला है वही जो तमादार नईं।

तमा ते जो हुरमत[4] कूँ नुक़सान है,
तमा मौत अदमीन कों ज़्याँ है।

वले जिन क़बाहत (?) कूँ ना फ़ाम है,
उसे ऐसी बाताँ सूँ क्या काम है?

मुंजे याद बिन उसके कुच काम नईं,
मुंजे यकतिल उस बिन आराम नईं।

लुटा जीव मेरा हैबत इस टार का,
न अछता अगर याद उस नार का।

जो जिवता हूँ मैं देक दुख घात-घात,
के इश्क़ इस सकी का है आबेहयात।

जो शह मैं बंगाले कूँ आने किया,
मना कर मुंजे बाप बी पन्द दिया।

भोत घात समजा कह्या खूब नईं,
इश्क़ बाज़ी करते नहीं यूँ कहीं।

जेता बाप कह-कह मुंजे सर धुन्या,
सो उस बाप की बात मैं नईं सुन्या।

१ लालची २ तृष्णा ३ दुःखी, अपमानित ४ प्रतिष्ठा।

चल्या वोंच बंगाले के शहर उधर,
सो मा-बाप की बात कूँ ठेल कर।

सो धन इश्क़ के मद सूँ माता अथा,
पकड़ बाट मैं अपनी जाता अथा।

यो राकस ने आ बन्द पकड़्या मुँजे,
कहीं जाने ना दे जकड़्या मुँजे।

संगाती जो लोगाँ अथे आस कर,
यकेला मुँजे सट के गए न्हास कर।

सो ऐसे ख़राबे में याँ आज कोई,
नहीं दूसरा भी ख़ुदा बाज कोई।

तूँ याँ क्या सबब शाह आया अहै,
तुजे कौन इस ठार ल्याया अहै।

यो राक़स के आने केरा वक्त है,
तूँ जाता नहीं जीव क्या सख़्त है।"

कहे शह के "ऐ गुनवन्त गुनसिंघार,
तूँ दिसता है मेरा भौत दोस्तदार।

तेरा होर मेरा सो यक हाल है,
दो मछलियाँ बिचारयाँ कूँ यक जाल है।

के मैं ख़स्ता दिल होर तूँ दिल निगार,
हमें दोनां मिल अब अछें एक ठार।

हमें दोनो आशिक़ दरदमन्द है,
हमें दोनो यक फ़न्द में बन्द है।

हमें दोनो पंखी है यक बाग़ के,
हमें दोनां शोले हैं यक दाग़ के।

हमें दोनां यक बाट के चलनहार,
हमें दोनो यक खाट पर हैं सवार।

हमें लावबाली अहैं बावले,
हमें जान ख़्याली हैं अतावले।

हमें दोनों शौक़ी हैं यक शौक़ के,
हमें दोनों ज़ौक़ी हैं यक ज़ौक़ के।

हमें दोनों बदलाय हैं भेस कूँ,
हमें दोनों जाते हैं परदेस कूँ।

हमें दो परेशान यक जमा के,
हमें दो पतंगाँ है यक शमा के।

हरेक ठार दो में मुहब्बत अहै,
के आशिक़ कूँ आशिक़ की सुहबत अहै।

दुनिया में नहीं कोइ आशिक़ बग़ैर,
जो दुख कोइ किस का सुने कान धर।

के आशिक़ दुखी दुख भाता है उस,
दुखी है वो सच दुख सुहाता है उस।

दुखी कोई तो उस दौर में आज किस,
न कह दुख अपना दुखिया बाज किस।

दुखिया तेरे दुख का सँगाती अहै,
तेरे दुख की बात उस कूँ भाती अहै।

सुकिया[1] के कने जा के दुख बोले जो,
अपस पर हँसा लेने मँगता है वो।

जो ताक़त तुजे नईं है दुख सोसने[2],
तो दुक कह अपस जाय दुखिया कने।

दुखिया दुख ते ख़ुश होर सुखिया सुख सते,
नहीं सुक सूँ निसबत है कुछ दुख सते।

१ सुखी २ भोगने।

सुकिया किस के दुख कूँ अँपड़ता नहीं,
के सुखियाँ कूँ दुखियाँ सूँ पुरता नहीं।

पिरत जिस के मन मेंच कैसी अहै,
वो क्या जाने ख़ुश हाली कैसी अहै।

जो कोई शाद मानी सूँ सँपूर है,
सो उस ग़म की लज्जत ते वो दूर है।"

---

कहतीं हूँ दुख मेरा रो कर मेरी इनी सकियाँ कूँ,
आताँ वकद[1] पलेटी[2] आ पोंच ते अँखियाँ कूँ।

---

इसी इश्क़ की बात कूँ धात धात,
जो करते अथे शाह उस के सँगात।

सो राकस देखे दूर ते आवता,
वोना साद[3] ज्यूँ राद[4] अरडावता[5]।

जो भोतीच अंगे धस कर आने लग्या,
शक्ल बदशक्ल कर डराने लग्या।

सो शह आयता[6] अलकुर्सी पड़ फूँक कर,
किये दूर उसे मूँ उपर थूँक कर।

तो राकस वो नज़दीक आ नईं सक्या,
रह्या दूर टुक हात ला नईं सक्या।

डरें नईं जो शह देव मग़रूर ते,
लग्या संग भिरकाने[7] वो दूर ते।

जो उट शह किया जीव अपना बड़ा,
कमाँ उतरी थी उसकूँ चीला[8] चड़ा।

कशिश कर जो शह तीर मारे सो वो,
पड़्या भुईं पै तल सीर उपर पाँव हो।

---

१ अवस्था २ बदली ३ शुभ ४ बिजली ५ तड़कती ६ कुरान की आयत ७ फेंकने ८ तीर।

उलट यूँ दिसे ज़ख्म खा सीर में,
के ज्यूँ अक्स अछै झाड़ का नीर में।

धुलारा उठ्या यूँ वहाँ सर बसर,
जमीं उड़ चली जानों असमान पर।

फ़रंग म्यान ते काड़ी शह जान यूँ,
निकलता है कँचुली में ते साँप ज्यूँ।

किये चोट यूँ शाह नज़दीक आ,
के कोस बीस ऊपर पड़या सीस जा।

अलामत क़यामत की पैदा हुई,
जमीं चूर आटा हो मैदा हुई।

उड़े संग यूँ उस धुलारे मने,
के पतराँ हो लगते थे बारे मने।

उड्या गर्द चौंधर किए शह जो जंग,
छुप्या बाग[1] परगट हुआ है भुवंग[2]।

लहवा लहू सूँ है लाल शह जान का,
के याहत में है शाख़ मरजान[3] का।

रगत[4] समद यूँ भर वहाँ रह गया,
के धरती डुबी होर अम्बर बह गया।

तबक़ ते शफ़क़ रंग रगत सूँ भरे,
नज़ीक है जो धरती अजल झल मरे।

तूँ शह अजब बल है तुज खरग कूँ,
के अदमुई किया मार कर मर्ग[5] कूँ।

अर्क़ सूँ ग़र्क़ कर सपट फ़र्श कूँ,
के भुईं हो लगी मौज़ जा अर्श कूँ।

१ बाघ २ सर्प ३ एक पेड़ ४ खून ५ मौत।

जो आया मुसल्लम[1] दो दम दार कर,
फ़रिश्ते अर्श पर ते गए न्हाट[2] कर।

हयात आके दी शाह कूँ ख़ुश ख़बर,
लहू पी दन्दयाँ का अजल प्यास भर।

अतारद कुतब होर मरीख़ खाँ,
मिले आके तीनों यो नो खेज़ जाँ।

किये शह हलाक उस बद अफ़आल[3] कूँ,
के महदी सटे मार दज्जाल[4] कूँ।

अली दस्त थे शह कूँ हर टार फ़तह,
के नुसरत रफ़ीक़ होर है यार फ़तह।

किये शुक्र तब शाह करतार का,
पकड़ निपट चले भई उसी नार का।

दो बाटाँ मिल्याँ बाट में एक ठार,
कहे शह अतारद कूँ वाँ टुक बिचार।

हमें याँ ते किस बाट जाना अताल,
के दिल शाद हो पायँ धन का विसाल।

कह्या यूँ बराबर दो बाटाँ अहैं,
हरयक बाट कूँ छार घाटाँ अहैं।

फिरनहार नईं है क़दर होर क़ज़ा,
जिधर जायगा शह तूँ तेरा रज़ा।

इधर बी पयाँ होर उधर बी पयाँ,
के अछ्याँ अहैं याँ किधर बी पयाँ।

जंगल के जनावर ते पा ख़ुश शुगन,
अतारद सते बात इस धात सुन।

१ दृढ़ता से युक्त २ लांघ कर ३ दुराचारी ४ प्रलय से पूर्व आनेवाला प्राणी विशेष।

चल्या दिल में रख धन के मुख का सो ध्यान,
सीधे बाज़ू की बाट वो शह जवान।

रवाना हुआ वाँ ते शह बाँद सफ़[1]
के मरदाँ कूँ है फ़तह सीदी तरफ़।

दिस्या एक जागा फरह बख़्श वाँ,
पंखी करते थे चोंच सूँ नकश वाँ।

के बहते थे वाँ कालवे[2] नीर के,
अथे झाड़ अनार होर अंजीर के।

के सबज़ा हर्या होर हवा तर अथा,
घड़ी भर वही शाह कूँ घर अथा।

शहंशाह अबी आके उतरे थे जाँ,
सो याकूत रेज्याँ[3] की बालू थी वाँ।

सो क़ता गुलिस्ताँ का वो न था,
चमन बहिश्त का भुईं पर उतर्या अथा।

यता खूब था वो हवादार टार,
के जन्नत लेवे वाँ ते रौनक़ उधार।

यकायक दिस्या एक नज़दीक बाग़,
हुआ उसकी बासाँ ते तर सब दिमाग़।

के पाताँ के परद्याँ कूँ सब फाड़ कर,
फुलाँ झांकते थे सराँ काढ़ कर।

दो बाज़ू दो धर झाड़ दूर मत हो,
पवन मद सूँ डुलते थे सब मस्त हो।

सरोदाँ[4] सो मुर्गां के नाले थे वाँ।
सुरय्याँ कल्याँ फूल प्याले थे वाँ,

१ क़तार २ नाले ३ कण ४ गायन।

सुरंग साँवले खूब बाताँ भरे,
नदीम हो के बुलबुल जो चाले करे।

सो ताऊस पंखी तूती कब्क[1] हंस,
पकड़ पेट लुड़ने लगे हंस हंस।

वो सब खुश हो बुलबुल के चाल्याँ उपर,
उछलते अथे मस्त हो डाल्याँ उपर।

रहे बीच चमन फूल अहमरी[2],
के हँसती है खुशहाल हो धरतरी।

भँवर झुण्ड हो बन में घुमते अथे,
सो फूलां करे मुख चुमते अथे।

चमन तर न शबनम के है आब सूँ,
के मूँ धाये है फूल गुल्लाब सूँ।

बर्ग[3] बार आए हैं इस धात सब,
के छुप गए फुलाँ के तलें पात सब।

यकस ते चमन एक मक़बूल हैं,
के भँवरे, पतंग होर दीवे फूल हैं।

सो शह आने की यो खबर सून कर,
बन्दयाँ मुर्ख़-काल चूँडियाँ चून कर।

निकट साज़ कर मोर सब आए हैं,
सिराँ पर जड़त के तुर्रे लाए हैं।

चमन की चंगेर्याँ में भर फूल अपार,
लग्या ल्याने शह ताईं माली बहार।

यता पीक[4] हवा था वहाँ किश्त[5] कूँ,
के रश्क आए इस बाग़ का बहिशत कूँ।

---

१ एक पक्षी २ लाल ३ पत्ता ४ उपज ५ खेती।

खिज़ाँ कूँ न था आने इस ठार-ठार,
भार होर भीतर अथा सब बहार।

कहे शह अतारद कूँ "यो क्या अहै,
अजब ठार होर एकश तमाशा अहै।"

अतारद कह्या "शह पर्यां है यहाँ,
पर्यां कम नहीं कुच भर्यां है यहाँ।

बड़ी यक परी याँ है महताब नाँवँ,
करे है वो इस बाग़ में आज ठाँवँ।

यो पंख्याँ जो दिसते सो पंख्याँ नहीं,
पर्यां इस परी कियाँ हैं शह यो सभीं"।

कहे शह के "खुश ठार पर आये हैं,
तमाशा अजब देखने पाए हैं।"

सुलखन परी नाँवँ जो दास थी,
सितारा हो महताब के पास थी।

हरेक बात में उस सूँ महरम[1] अछे,
सो जम जीव ज्यूँ धन वो हमदम अछे।

अथा अन्त महताब का फ़ाम उसे,
के फ़रमाये महताब हरेक काम उसे।

अज (?) बियाँ सकियाँ सब बड़ी वोच थी,
सो उस धन के घर की बड़ी वोच थी।

जकुच बात बोले यो महताब सात,
सो सुनती थी महताब सब उस की बात।

मुहब्बत सूँ दोनों मने यूँ अथा,
के बाँदी बीबी का फ़र्क़ कुच न था।

१ जानकार।

लगे अब खुदी इश्क़ तो हर कहीं,
दिवाना अहै ज़ात धुंडता नहीं।

न मसजिद न बुतख़ाने का क़ाम है,
के परवाने कूँ शमा सूँ काम है।

न बूजे भली और बुरी ठार कूँ,
शमा हुई तो बस उस जलनहार कूँ।

अहै जीव पर जीय जाँ यार होय,
पतंग जल मरे शमा जिस ठार होय।

इसे चाशनी नेह की अँपड़ी अहै,
लज्ज़त ख़ूब जलने की सँपड़ी अहै।

मुहब्बत में सब कोई सारा नहीं,
यो काम अक्ल में आन हारा नहीं।

शहंशाह ग़ाज़ी कूँ देखी वो ज्यूँ,
कही जा के महताब के पास यूँ।

"सो यक आदमीज़ाद आया है याँ,
सो ले लोग संगात ल्याया है याँ।

सिफ़त उसकी तुज पास केता करूँ,
न सरसे सिफ़त उसकी जेता करूँ।

अवल तें तेरे कान भरती हूँ मैं,
के मतवाली होयगी के डरती हूँ मैं।

के मैं देक कर ताब ल्या नईं सकी,
यो बात अपने दिल में छुपा नईं सकी।

जो टुक देकती ब्यास्त दीदार में,
न आ सकती फिर वाँ ते इस ठार में।"

सटा ल्या वहाँ शौक़ महताब कूँ,
किया आतिश इस धात अपस आब कूँ।

कही "चल वो शह काँ है दिखला मुंजे,
के अव्वल ते मालूम यू था मुंजे।"

जो संगात महताब कूँ ल्याय वो,
सुलक्खन सकी शह कूँ दिखलाय वो।

सो महताब देख शह कूँ बेताब हुई,
मुहब्बत सूँ गुल ज्यूँ वो गुल्लाब हुई।

पड़ी मस्त हो यूँ वो पग डग मने,
के उठने की ताक़त न थी उस मने।

लगा जीव वो नार उस लाल सूँ,
वहाँ तें उठी बारे हर हाल सूँ।

कही यो "फ़रिश्ता अहै या बशर,
यकायक इसे याँ हुआ क्यूँ गुज़र।

के इस बाट कूँ आदम आता नहीं,
जो आता सो भी फीर जाता नहीं।

खुदाया सलामत रख इस शाह कूँ,
पर्यों तें अमानत रख इस शाह कूँ।

कही शह अजब खूब महबूब है,
अछे दिल जो मुंज पर तो क्या खूब है।"

अन्देशा भी दिल में उने यूँ करी,
के "यो आदमी होर मैं हूँ परी।

दिवानी हो बाताँ करूँ सुध खोय,
परी होय आदम सूँ क्यों जोड़ होय!

रुबाई

को शाह यो इस बाग़ मने आवेगा,
को शाह मुंजे नेह सूँ गले लावेगा।

को शाह हमें मिल के यहाँ बैठेंगे,
को शाह सूँ मिल जीव ख़ुशी पावेगा।"

मुलक्खन सखी नाज़ परवरद कूँ,
लताफ़त केरे बाग़ के दर्द कूँ।

कही पाँवँ पर हात रख महताब,
के "शह कूँ बुला ल्या तूँ जा अब शिताब[1]।

तुहीं पे दोस्त मुँज होर तुहीं यार है,
तेरा मुँज उपर ली[2] यूँ उपकार है।

के शह ऐसे कूँ मुँज कूँ दिखलाय तूँ,
नहीं आती थी मैं सितम ल्याय तूँ।

मेरा पाँवँ पड़ना तूँ कह होर सलाम,
यो शह काँ ते आया खबर ले तमाम।

के सकती नहीं मैं वहाँ लग अँपड़,
बदल मेरे तूँ शाह के पाँवँ पड़।

छुपाई हूँ मैं इस सबब आप कूँ,
मबादा[3] खबर कोई करे बाप कूँ।

तूँ बेग अब रिझा कर मीठी बात सूँ,
बुला ल्या यहाँ लग हरेक धात सूँ।"

मुलक्खन सकी बात इस धात सुन,
उछलती ख़ुश्याँ सूँ चली शाह कन।

उसे देक कर शाह हैराँ रहे,
मगर हूर है यो परी नईं कहे।

सो नज़दीक बिसला उसे प्यार सूँ,
लगे बात शाह करने उस नार सूँ।

१ जल्दी २ बहुत ३ कहीं ऐसा न हो।

"तेरा क्यों सकी याँ लग आना हुआ,
तुजे देक कर मैं दिवाना हुआ।"

वो अपरूप दिलदार हूरी खिताब,
अदब सूँ दयी शाह कूँ यूँ जवाब।

के "तुज ताँईं ऐ शाह मैं आइ हूँ,
खबर एक महताब की ल्याइ हूँ।"

मुलक्खन जो आती थी भौ साज़ सूँ,
सो ग़मज़े व छुन्द बन्द होर नाज़ सूँ।

कही "किस शहर ते तूँ आया है शह,
भई किस शहर कूँ जाने मंगता सो कह।

मुबारक तेरा शह यो आना अछो,
बन्दा हो तेरे घर ज़माना अछो।"

जो महताब कइ थी सो कइ शाह कूँ,
सो कुछ दिलते बी जोड़ कइ शाह कूँ।

"बुलाती है वो नार ऐ शह तुजे,
इसी काम कूँ भेजी है याँ मुंजे।"

कही "ऐ सुघड़ शह तूँ अब बेग चल,
मुअत्तल[1] वहाँ काम सब तुज बदल।

तूँ बेगानगी यूँ नको देख शह,
करम कर वहाँ लग सो आ बेग शह।

के सकता है शह आ तूँ क्या डर अहै?
हमारा वो नईं घर तेरा घर अहै।

१ रोक देनेवाला

### रुबाई

"इस बाग़ मने आज जो आई है परी,
यक दिल सते जीव तुज सूँ लगाई है परी।

औ धात इस सात मजलिस कूँ सिंगार,
ऐ शाह तुजे बेग बुलाई है परी।"

अतारद कूँ कये "क्या है तदबीर अब,
के है काम याँ का तुजे फ़ाम सब।"

कह्या "शाह यो तो अजब ठार है,
वले आज जाना सो नाचार है।

परी हो के मँगती है हमना कूँ यूँ,
तो वाँ लग हमीं शाह ना जाय क्यूँ।

चल ऐ शाह, देखें जा के इस नार कूँ,
नको खींच टूटे तलक तार कूँ।

ज़रूरत है रहना उस के फ़रमान में,
हमारा है कौन इस बयाबान में।

यहाँ आज लग कोइ आया नहीं,
किने दिल किसी का पत्याया नहीं।

पत्थर तल जो हात आए ऊकल[1] सते,
तो वाँ ते उसे काढ़ना कल[2] सते।

हमें आदमी होर परी वो है रास्त,
परी ते मुरव्वत है आदमी में ज्यास्त।

बुलाती वो इस चाव सूँ पुरदुंबाल,
तो वा जब है हमना कूँ जाना अताल।"

१ ऊखल २ बुद्धि।

किये जीव ख़ुश होर हुए एक दिल,
चले उस सुलक्खन सकी सात मिल।

अथी दूर ते देक शह कूँ सुधन,
परी हूरते ख़ूब चन्दर बदन।

पराँ का पर्यां छाँवँ छायाँ अथ्याँ,
लटाँ सब बिखर मुख पर आया अथ्याँ।

अछैं नैन इस केस काले मने,
के मछल्याँ दो सँपड्याँ हैं जाले मने।

उछल्याँ हैं बिजल्याँ अभालाँ तलें,
के नैनाँ झमकते हैं बालाँ तलें।

दिसे लालक उस नैन बिच यों सँवर,
के मुर्ग़ी सटी की सफेद आब पर।

सटे लाल डोर्याँ सूँ पुतली कजल,
के मिरीख़[1] के घर में आया ज़ुहल[2]।

सो धन के तन ऊपर दिसे यूँ गुहर[3],
के बैठे हैं चुगने मगर सरू[4] पर।

अंग होके आ पाँवँ पर अचपली,
सो मह बाग़ में शह कूँ लेकर चली।

शहंशह कूँ धन बाँद गुलहार कर,
ले कर गई अपस पहाड़ पर प्यार कर।

पवन ऐश ते फूल ज्यूँ खेल कर,
पलंग पर बैठे दोनों मेल कर।

दो फूल थे उनो होर चमन था पलंग,
के रहता है दायम चमन फूल संग।

---

१ एक नक्षत्र २ एक नक्षत्र ३ मोती ४ सरोवर।

पलंग शाह के तईं जो वाँ ल्याए थे,
सूरज चाँद जैसे उसे पाए थे।

सो उस सात मिल यूँ वो शह जान थे,
के बिलक़ीस सूँ ज्यूँ सुलेमान थे।

सकी शाह सूँ एक हो यूँ अछे,
के मिठाई सूँ मिल शकर ज्यूँ अछे।

परी तो फिराई थी मिलने कूँ ख्याल,
चले शह रखे वाँ अपस कूँ सँभाल।

लग्या जीव यक ठार जिस ज़ोर सूँ,
इसे कुछ ग़रज़ नईं है भइ होर सूँ।

मुहब्बत कहीं यूँ हुई नईं अहै,
मुहब्बत हे जाँ वाँ दुई नईं अहै।

दिसे यूँ तिल इस मुख मैदान में,
के हब्शी बच्चे है गुलिस्तान में।

जो करती अथी बात धन राज सूँ,
सो झड़ते थे बुन्द ख़ूये[1] के लाज सूँ।

के नार्यों में वो नार सरताज है,
के जिस में शरम होर कुच लाज है।

शरम होर लाज होय जिस नार कूँ,
भुला लेवे यक तिल में संसार कूँ।

जो महबूब अछे ख़ूब ख़ुश साज़ का,
शरम उस कूँ सिंगार होय नाज़ का।

शरम सूँ अछे नार तो दिल भुलाय,
शरम नईं सो वो नार क्या काम आय।

[1] वीरता।

मेरी बात सुन पन्द यो रास्त है,
भले कूँ शरम जीव ते ज्यास्त है।

भला हौ नई पार ता भरम कूँ,
भला जीव देता अहे शरम कूँ।

जो मोमिन मुसलमान दिल नर्म है,
निशाँ उसके ईमान का शर्म है।

जो पैले हरेक ठार छब है उसे,
शरम लाज होर नाज़ सब है उसे।

सुधन मुख दिसे शर्म के आब में,
सटे हैं मगर फूल गुल्लाब में।

लटाँ आरह्याँ यूँ सुधन गाल पर,
के सुंबल की ज्यूँ छाँवँ गुल्लाल पर।

शफ़क़ रंग किसवत सों उस मह कूँ था,
बड़ा ख़त उसे देखना शह कूँ था।

सूरज जाके भाना लिया खाब का,
के दिन ताब देता है महताब का।

अदब सूँ सकी बैठ[1] कर शह कने,
सो बाताँ लगी बाट कियाँ पूछने।

कहे बात यक एक शह उसके पास,
परी होर शह थे मगर एक रास।

मुहब्बत लगी दोनों में आय कर,
रहे दोनो यक ठार जीव लाय कर।

परी माहताब होर कुतुबशह सुजान,
अपस में अपी कह लिए भाई भान[2]।

१ बैठ २ बहन।

यो काँ का सगा होर वो काँ की सगी,
किधर ते किधर दोस्ती आ लगी।

के शह सात होर शाह इस सात यार,
मिले आग-पानी दोनों एक ठार।

खबर जो सुनी शाह ते इस देव की,
सो सेवक हो धन शाह का सेवकी।

कहाँ शुक्र वो काम यो हुए का,
कहीं डर अथा मुँज बी उस मुए का।

न थी नींद शह रात कूँ धाक ते,
छुटी आज इस भिष्ट नापाक ते।

मुआ गावदी[1] कुच्छ नहीं जानता,
पर्यां कूँ बी आ आ के रंजानता[2]।

अजब बद असल शक्ल धरता अथा,
पर्यां का दिल इस देख डरता अथा।

चल्या नईं कुच्छ उस देव अवधूत सूँ,
केता कर लड़े गिद्दयाँ पर्यां भूत सूँ।

पर्यां नाज़ुक होर देव वो सख़्त था,
पर्यां नेक बख़्ताँ[3] वो बदबख़्त था।

तूँ जम जीव होर कर तूँ जम राज शह,
तूँ जीवदान हमना दिया आज शह।

शिर कमान शह तूँ मोत है दिलेर,
के तुज हात तल देव होते हैं ज़ेर।

तूँ शह होएगा माही[4] व माह[5] का,
के यो फ़तह पैला है तुज शाह का।

१ गँवार २ रंजीदा करना ३ भाग्यवान ४ मछली ५ चाँद अर्थात् जल और आकाश का।

सदा जीव होर दिल तेरा शाद अछो,
पर्यां की यो यक बात तुज याद अछो।

शर्त कर उने हात दी हात में,
के शक नई है मैं कह सो उस बात में।

शहंशाह उस वक्त बख़्शीश में आ,
परी कूँ दिए कोट उस देव का।

हुआ देव जीव दे वहाँ ते जुदा,
के ज़ालिम ते राज़ी नहीं है ख़ुदा।

परी बन्दी के बन्द ते आज़ाद हो,
दुआ कइ शहंशाह कूँ शाद हो।

कही उस सुलक्खन कूँ धन महताब,
सुराही पियाला ले कर आशिताब।

के माँदे हो शह बाट ते आये हैं,
सो थण्ड धूप होर बाव ली खाये हैं।

जिसे इश्क़ का ज़ोर अछे सर बसर,
उसे थण्ड होर धूप बारा[1] किधर।

सुराही होर प्याला ले कर नार वो,
पिलाने लगी शह कूँ उस ठार वो।

प्याला नवाँ आप भाते पिए,
ज़रुरत कूँ शह इन मनाते पिए।

यता शाह दिल धन पै धरते अथे,
के हर प्याले कूँ याद करते अथे।

के सद[2] हैफ़[3] जो पीव उस ठार नईं,
सो इस ठार वो जीव का यार नईं।

१ हवा २ सौ ३ दुःख।

अजब कुच फ़रह[1] बख़्श यो कैफ़ है,
वले यार वो नइ सों सद हैफ़ है।

सो धन हटते प्याला जो शह लेते थे,
सो कुच पी न पी वोंच सट देते थे।

के माशूक़ जाँ नईं वहाँ भाये क्यों,
प्याला पिया[2] बिन पिया[3] जाये क्यों।

प्याला पिने कूँ मज़ा वाँ अहै,
के माशूक़ मन भावता जाँ अहै।

जहाँ जीव का पीव भाता अहै,
जुकुच वाँ किए सो ख़ुश आता अहै।

अजब उसकी मजलिस में कुच भेद था,
जुकुच जिस कूँ होना सो मुस्तैद था।

अथ्या सब वले वाँ न थी नार वो,
के ख़ुश दिल करे शह कूँ इस टार वो।

अथ्या सरते गुल[4] बज़्म[5] में नोश का,
हुआ मस्त अकल मुद उड्या होश का।

फुलाँ बाग़ में हँसते थे शौक़ सूँ,
जनावर चुरग़ाते[6] थे सब ज़ौक़ सूँ।

ज्याँ फूल रंग-रंग दुकानाँ चमन,
के ख़ुशबूदी फ़रोशी अपै वाँ पवन।

जो शह याद करते थे धन गाल कूँ,
तो गड़ देते थे जाके गुल्लाल कूँ।

सो नरगिस कूँ शह देक शहमात थे,
के नयन इस सरो क़द के इस घात थे।

१ शुभ दायक २ प्रिय ३ पीना ४ फूल ५ समा ६ बोलते।

जो शह कूँ जोबन याद आते अथे,
तो नार निज पर हात पाते अथे।

सो धन क़द कूँ शह ख़्याल में ल्याय कर,
गले लगते थे सरो कूँ जाय कर।

गुमाते थे शह यूँ वक़्त बन मने,
सुधन का पिरत रक अपस मन मने।

**रुबाई**

ख़ुशहाल हो जीव आज ख़ुशी पाता नहीं,
पीता हूँ शराब होर असर आता नहीं।

कोंल्या के ज़रब दिसते अहैं फूल सब,
तुज बाज मकी बाग़ मुंजे भाता नहीं।

अतारद कह्या "शह तूँ जीव जम,
सदा शाद अच्छ तूँ के नईं तुज ग़म।

तूँ दो जाम पी जग में ज्यूँ जम हुआ,
ख़ुशी ज़्यास्त ग़म था सो सब कम हुआ।

मेरी बात सुन ए चंचल क़ुतुब शह!
मुंजे दे रज़ा होर तूँ याँ च रह।

के मैं जा के वाँ काम कर आऊँगा,
सो तुज ताँईं उस नार कूँ ल्याऊँगा।"

कह्या शह के "मुंज कूँ बी ले सात चल,
मुंजे याँ तलक के तूँ ल्याया अबल।"

अतारद कह्या "शह उतावल न कर,
तूँ आक़िल अहै अप से बावल न कर।

न वाँ जाके रहने कूँ कईं ठार है,
न वाँ आशना कोइ ना यार है।

तुजे क्यों ले कर जाऊँ वाँ मैं संगात,
के दूर होर दराज़ है अजूँ शह यो बात।

तूँ आशिक़ अहै होर तुजे फ़ाम नईं,
तुजे ऐसे कामाँ सूँ कुच काम नईं।

सितम छोड़ दे कर आनन्द होर सुख,
झूटे क्या सबब देखता दर्द दुख।

ग़ज़ब में नको आ तूँ मुख मोड़ कर,
के दुख नईं मँग्या कोई सुख छोड़ कर।

तूँ नईं बात सुनता कहूँ मैं किसे,
खुशी देती ज़हमत किए सो उसे।

तुजे ख़ूब है शह रहने कूँ यो ठार,
के वो शह परी हुई है तुज सेती यार।

बँगाला नगर याँ ते नज़दीक है,
नको कर तूँ ऐ शाह अब झंझ है।

अन्देश्या अन्देश होर टुक फ़ाम देक,
के क्या काम करता हूँ तूँ काम देक।"

अतारद की सुन बात शह चुप रह्या,
केतक वक्त कूँ फिर उसे यूँ कह्या।

"नपै जीव जानी मेरा जाँ अहै,
जो आशिक़ हुआ उस कूँ सुख काँ अहै।

तूँ सुख जानता यो मुँजे दुख अहै,
मेरा दुख सो तेरे अँगे सुख अहै।

लगी आग जग कूँ यो गुलज़ार नईं,
बहिश्त दोज़ख़ है वाँ अगर यार नईं।

येता मैं जो सोस्या सो उस धन बदल,
न उस शह परी तईं न उस धन बदल।

तूँ दाना कूँ जान्या है नादान कर,
के अनजान हो बोलता जान कर।

परी यो परी ते वो नारी भली,
इस आसूदगी ते वो ख़ारी भली।

मेरा हाल जो है सो कहता हूँ मैं,
तूँ इतना कता[1] है तो रहता हूँ मैं।

भिकारी दरस का हूँ कई भीक नईं,
के आशिक़ हूँ उस ते मुंजे देक नईं।

रज़ा मैं दिया हूँ तुजे, जा अताल,
वले बाट में तूँ अपस कूँ सँभाल।"

कह्या शाह "ख़ुदा है सँभालन हार,
भले होर बुरे ते सो हरेक टार।

जो साहब ओसूँ राज़ी हो यक दिल अछे,
उस आसान होवे जो मुश्किल अछे।

वक्त के बुज़ुर्गां दिए है यो सीक,
के सौ देस जोरे है परदेस नीक।

मुंजे फ़ाम कर शाह तूँ फ़ाम सूँ,
के बन्दया हूँ सर में तेरे काम सूँ।

पिरत पंत ली[2] कुच करेगा यहाँ,
सहूँगा जो मुँज पर पड़ेगा यहाँ।"

शहंशह की तौफ़ीक़ उस सात कर,
जुकुच दिल में थी बात वो बात कर।

रख्या शाह के पाँव पर सर उने,
सरापा पतंग हो के फिर-फिर उने।

१ कहता २ बहुत।

भोत नेह सूँ शह उस गले लाये,
जुकुच मुस्तैदी मँग्या सो दिये।

---

मुहब्बत सबर मंगता है जो तूँ रोता वला[1] होयगा,
अरे ऐ दिल समझ यक तिल केता तूँ बावला होयगा।

**रुबाई**

मैं आज बंगाले की तरफ़ जाता हूँ,
मक़सूद जो है दिल में सो सब पाता हूँ।

या धन के कन उस शह कूँ बुला भेजूँगा,
या शह के कन उस धन कूँ ले कर आता हूँ।

१ अच्छा फल लायेगा।

## रफ्त अतारद सपँ बंगाला[1]

रज़ा ले अतारद रवाना हुआ,
बंगाले में बेगी च जाना हुआ।

सो वो देस साकिन[2] हो वाँ टैर कर,
तमाशा देख्या शहर का फीर कर।

घर घर अनन्द सुक्ख[3] संपूर था,
ख़ल्क़[4] शाद सब मुल्क मामूर[5] था।

दिस्या महल ऊँचा सो इस धात वाँ,
अँपड़ता न था अर्श[6] का हात वाँ।

सो वो महल था उस सुघड़ नार का,
तमाशा दिसे वाँ ते संसार का।

चतर गुन भरा वो अतारद चंचल,
रह्या मुशतरी शाह के महल तल।

दुकाँ माण्ड्या[7] वहाँ भोत साज़ सूँ,
लग्या करने तसवीर भो नाज़ सूँ।

चितारे[8] वहाँ के खबर पाय कर,
हुए उस के शागिर्द सब आय कर।

दिखाने लग्या सूरताँ धात धात,
जुड़ी उस अतारद के चौंफेर[9] जमात।

उड़ी यो खबर शहर में फूट कर,
तमाशे कूँ जरा सब पड़्या टूट कर।

सो उस दीस मुशतरी शाह नार,
लगी फिरने आ महल में ठार ठार।

---

१ अतारद का बंगाल की ओर प्रस्थान २ निवास ३ सुख ४ जनता ५ अपने काम में नियुक्त ६ आकाश ७ बाज़ार ८ चित्रकार ९ चारों तरफ़।

जो धन पाक दामन वो बे ऐब थी,
यकायक सो उस वक्त पर ग़ैब थी।

दो खिड़क्याँ खुल्याँ बाव[1] ते फाँक[2] कर,
छज्जे पर ते देखीं सो वो झांक कर।

"चितरा" कही "काँ ते आया अहै,
उसे कौन इस ठार लाया अहै।"

महरवान वाँ नज़दीक जो दाय थी,
खबर उस अतारद की वो पाई थी।

कही वो के "ऐ मुश्तरी शह सुभान,
गुलाब हो अछो तुज्ज पर आसमान।

दक्खन ते यो आया है इस ठार पर,
उमीदवार हो कर तेरे प्यार पर।

जुकोई पादशाहाँ के नज़दीक है,
भला है जो हर एक खूबी कहे।

जुकोई जो असील होर ज़ाती अहै,
बुराई नहीं उस ते आती अहै।

बड़ा यो हुनरमन्द वाँ का अहै,
खबर ली है मैं यो जहाँ का अहै।"

कही मुश्तरीशाह उस दाय कूँ,
महरबान अपनी सगी माई कूँ।

"मगर आशनाई तू धरती अहै,
के इत्ती सिफ़त[3] उसकी करती अहै।"

जवाब उस सकी कूँ सो यू दाय दी,
"तूँ यूँ बोलती है मुंजे चुपके की।

१ हवा २ झांके से ३ प्रशंसा।

न उस सात धरती हूँ कुच गर्ज़ मैं,
जो उसका करूँ तुझ कने अर्ज़ मैं।

सुनी चार लोगाँ ते जूँ बात मैं,
कती हूँ तेरे पास उस धात मैं।

चितारे जो हैं इस बंगाले मने,
सो वो शाद[1] हो सब रहे उस कने।

पत्यारा[2] जो तेरा नहीं मुज उपर,
तूँ आदमी कों वाँ भेज होर ले खबर।

तूँ मेरे अंग की नहनी हो के यूँ,
झुटाती मेरी बात लोगाँ में यूँ।

तुजे झूट होर सच बराबर है सब,
न तुज में मुलाजा न तुज में अदब।

असील है तूँ यक बाप यक माय की,
नको तोड़ तूँ यूँ अदब दाय की।

यो बाताँ तुजे कौन सिखलाए हैं,
यो क़िस्सा जो मस्के कूँ दाँत आए[3] हैं।"

कही "दाय मैं तुज सूँ हंसती अथी,
तूँ नई जानती की खबर तुज न थी।

तेरी बाता ना सुन सुनूँ किस की बात,
अरी दाय मैं नई हूँ ऐसी कुजात।

गुनह गर अछेगा तो मुज बख़्श तूँ,
न कर चुन[4] झुटी यो मेरे, नक़्श[5] तूँ।

के दाई मो ज्यूँ माय का टार है,
तुजे कुच कना बहुत बजकार[6] है।

---

१ प्रसन्न २ विश्वास ३ मुहावरा है—अनहोनी बात होना ४ गिन ५ क्षमा करना ६ धृष्टता।

लतीफ़ा जो करना तो इस बन्द सूँ,
के ज्यूँ बन में रावन अछे छन्द सूँ।

येता इतने कूँ जानना खूब नईं,
हंसी में बुरा मानना खूब नईं।

तूँ जा अब बुला उस चितारे कूँ याँ,
सूरत ग़ैब[1] ते लिखन हारे कूँ याँ।

के धुँड़ती थी ली दिन सते जाँ तहाँ,
के पैदा हुए नक्क़ाश कोई खूब याँ।

खुदा उस कूँ ल्या ल्या[2] है इस ठार अब,
महल का उसे काम फ़रमाएँ सब।

देखें बारे नक्क़ाश कैसा है यो,
दिसेगा अताल आपी जैसा है वो।

देखें काम उस होर तुज बात आज,
के मसला अहै एक पन्त होर दो काज।"

सो यो बात सुन दाय अनजान हुई,
वो नादान धन मुख पशेमाँ[3] हुई।

कही दाय अपनी कूँ यूँ की कही?
बले ला गले दाय कूँ भी कही।

"नको सुस्ती कर वेगी सूँ जा अताल,
महल कूँ चतरने उसे ल्या अताल।

के इस महल का आज महतर[4] अहै,
अजब भागवन्त खूब यो घर अहै।

जुकोई अकल होर फ़हम धरते अहैं,
हरेक काम महतर सूँ करते अहैं।"

१ गुप्त २ ले आया है ३ पछताई ४ श्रेष्ठ।

सो सुन्धर बख़्तवर चंचल मुश्तरी,
जो मोतीच मंग ले के मिन्नत करी।

बज़ाँ[1] उस कूँ दाई बुलाने चली,
उसे बेग इस ठार ल्याने चली।

अतारद के नज़दीक वो नार की[2],
"बुलाती तुजे मुश्तरी शाह की।

सुतें बख़्त जागे तेरे सिर ते आज,
के तुज आवो कई मुश्तरी नार आज।

ख़ुशी ख़ुरमी[3] है तुजे सख़त आज,
के यारी दिए हैं तेरे बख़्त आज।"

अतारद यो सुन भोत ख़ुश हाल हो,
चल्या शाह कन इस धन का दुम्बाल[4]।

देख्या दूर ते मुश्तरी शाह कूँ,
सराया भात धात उस माह[5] कूँ।

मिला लेने कूँ ली उलाले[6] किया,
तमाशे तमाशे के चालें किया।

जो वो दाय उस शह कूँ ख़ुश हाल पाय,
सो शह के हुज़ूर उस चितारे कूँ लाय।

अतारद किया मुश्तरी कों सलाम,
के "शह मैं हूँ तेरा कमीना ग़ुलाम।"

हंसी यो बचन सुन ख़ुशी सूँ सुधन,
के हंसता है ज्यूँ बाव ते फूल बन।

दिखाई उसे महल वो ठार ठार,
के इस महल कूँ इस वज़ा तूँ सवाँर।

---

१ उस वक्त २ कहीं ३ आनन्द ४ पीछे ५ चाँद, अर्थात् चन्द्रमाँ सी मुश्तरी को
६ उतावला।

के "मैं की हूँ क्यों तूँ करेगा जो रास,
अखेरूँगी सुन्ना[1] तेरे आस पास।

नवाजूँगी[2] तुज कूँ भोत धात मैं,
जड़त[3] का तुजे देऊँगी हात मैं।"

अतारद कह्या शह कूँ सर भू में धर,
के "मैं क्या सकूँगा तेरा काम कर।

करेगा नमक शाह तेरा यो काम,
के मैं क्या हूँ यो काम करने तमाम।

तेरा क़स्द[4] गर शाह सारा अहै,
तो यो काम सब होनहार अहै।"

१ स्वर्ण २ कृपा करूँगी, दान दूँगी ३ जड़ाऊ ४ इरादा।



गोलकुण्डा



इब्राहीम कुतुबशाह

## आरस्तन महल मुश्तरी[1]

अजिद हो के जिद वो जो धरने लग्या,
सो उस महल कूँ नक्श करने लग्या।

जो ज़रतीख़[2] ज्यूँ चाँद सुन्ना सो सूर,
खफ़ंद अम्र तारे हैं मुर्गां सो नूर।

अतारद चितारे कूँ नईं कुच्छ ग़म,
के धरता अहे हात जोज़ा क़लम।

जो खुश हो मिस ल्याय टुक दिल मने,
तो लक महल चित्र वह यक तिल मने।

निपट ध्यान यक दिल सूँ धरने लग्या,
विचत्तर चितर वो चितरने लग्या।

कहीं बन बयाबाँ कहीं समद भार,
कहीं मुर्ग़ माही कहीं फूल झाड़।

कहीं शेर शर्जा[3] कहीं गज तुरंग,
कहीं बाज़ बहरी कहीं यक कुलंग[4]।

कहीं बुत बुतखाने होर बुत परस्त,
कहीं नार होर पुरुष यक टार मस्त।

कहीं शायरां शेर कहते अहैं,
कहीं चश्मे अमृत के बहते अहैं।

कहीं है मुलाने कहीं हैं खुमार[6],
कहीं हैं दिवाने कहीं है हुश्यार।

कहीं तख़्त पर कोई सुती[7] मस्त हो,
कहीं बैठे दो यार हमदस्त हो।

---

१ मुशतरी के महल को सजाना २ ज़ोरदार ३ सिंह ४ पक्षी ५ मुल्ला परहेज़गार ६ नशा
७ सोती हुई।

कहीं पीर शहीद होर पैग़म्बराँ,
कहीं देव जिन होर परियाँ अछरियाँ[1]।

कहीं खुसरो होर शीरीं यक ठार है,
कहीं लैला होर मजनूं दो यार है।

कहीं गाती गावन खुश आवाज़ सूँ,
कहीं पातराँ[2] नाचतियाँ साज़ सूँ।

कहीं धतरे[3] मुर्ग़ सेमुर्ग़ सर,
कहीं चाँद सुरा च तारे अँबर।

चितार्या चितर वो अपस हात सूँ,
संवार्या महल कूँ भोत धात सूँ।

किया चौक[4] बीच चौक इस चौक पर,
नज़ाकत सूँ सिंगार नाज़ुक कर।

मुहे चौक इस नक्श मैदान में,
खिला चाँद का ज्यूँ है असमान में।

लिख्या शह की सूरत वहाँ उन जो आ,
हिली काँद निरजीव सब जीव पा।

अगर उसकूँ बाताँ में कोई खोलता,
तो हर संग इसका बचन बोलता।

अहैं संग जो इस कान्द[5] रंग-रंग नें,
के तासिर[6] मसीहा है हर संग में।

यो तासिर है शह की तासिर थें,
के ज्यूँ झाड़ बड़ता अहै नीर थें।

लिख्या नक्श संसार की नार का,
किया शह कूँ मद नायक इस ठार का।

---

१ अछरा का बहुवचन, अप्सरा २ वेश्याएं ३ धरती ४ आंगन ५ दीवार ६ गुण।

चितर झमके यूँ शह के मुख भान ते,
के रोशन ज़मीं ज्यूँ है असमान ते।

देख्या महल कूँ जो मुस्तैद कर,
के हर एक अँगुली कूँ था सो हुनर।

सरासर महल ज्यूँ किया बोस्ताँ,
के खुशहाल होएँ देक सब दोस्ताँ।

महल खूब आला यो ज्यूँ सरग[1] हुआ,
दन्दी दुश्मनाँ का सो झल[2] मर्ग[3] हुआ।

उसी दाई कूँ वाँ बुला भेज कर,
कह्या "मुश्तरी शाह कूँ कर खबर!

तुमीं काम जो कये थे सो सब हुआ,
इसे देखने का सो वक्त अब हुआ।

देखो यक नज़र इस महल कूँ अताल,
के मैं लो मशक्कत किया उस दुवाल।

धरो मुंज उपर टुक शफ़क़्क़त तुमीं,
करो चीज़ मेरी मशक्कत तुमीं।

हरेक काम होता जो उल्लास ते,
सो शाहाँ की उमीद होर आस ते।

अगर शह की अछ्ती न उम्मीद आस,
न होता मुंजे यूँ उस होर उलास।

बड़ा शाह वो है जो कुछ दान दे,
नवाज़े हुनरमन्द कूँ मान दे।

हुनर ज्यास्त होता अहे दान ते,
न उस की फ़हम अकल होर ग्यान ते।

---

१ स्वर्ग २ आग ३ मौत।

नको कर तूँ तक़सीर कुच दान कूँ,
के होता है बल दान ते ज्ञान कूँ।

सनद यूँ हुनर परवरी का है शह,
न याँ झूट कुछ शायरी का है शह।

हुनर है हुनरमन्द कूँ क्या ग़म अहे,
जो बख़्शे हुनरवन्द कूँ सो कम अहे।

तलब है जो ग़ालिब तलबगार पर,
करे नाज़ हुनरवन्द ख़रीदार पर।

हरेक ख़ूब जान होर ख़रीदार नईं,
बिचारे हुनरवन्द कूँ वाँ भार नईं।

यो मौक़ूफ़ है सब ख़रीदार पर,
सरअफ़राज़ करना समजकार पर।

हुनर ख़ूब हर बार होता नहीं,
रतन पाक हर ठार होता नहीं।

अगर मानी अछता तो इस वक़्त पर,
तो मालूम होती मेरी कुछ क़ुदर।

जु कुच नाज़ है मेरे काम में,
सो मशहूर है रोम होर शाम में।

न कुच आ मना किस पै धरता हूँ मैं,
ग़र्ज़ बात दुनिया की करता हूँ मैं।

तूँ दरम्याने आई तो यो काम कर,
मिरे काम का कुच सरंजाम कर।

इधर मट न दे काम तूँ कर तमाम,
के तेरी बुज़ुर्गी है मेरा सो काम।

जो समजे सो वो बोल किस ना धरे,
बख़्त ख़ूब नईं तो हुनर क्या करे।

हुनर होर बख़्त जब मिले एक ठार,
तो दौलत ग़ुलाम होर ख़ुदा होय यार।

वले दोनों यक ठार आना कधाँ,
हुनरवन्द मक़सूद पाना कधाँ।

के पंखी के तईं जोर पर का अहै,
हुनरवन्द कूँ तक़वा[1] हुनर का अहै।

बख़्त नईं हुनरवन्द कूँ तो ग़म नहीं,
हुनर ख़ूब कुच बख़्त ते कम नहीं।

हुनर ख़ूब उस पर जो बख़्त है बुलन्द,
यो दोनों भी होवें सुना होर सुगन्द[2]।

तूँ खुशहाल अछे होर न कर कुछ ग़म,
बख़्त ख़ूब ली है हुनर ख़ूब कम।

वही शाह आलम में आरिफ़ कवाय,
हुनरवन्द का लाड़ जे कोई चलाय।

के नाज़ुक है यूँ दिल हुनरवन्द का,
जो नईं ताब माशूक़ की छन्द का।

हुनर ख़ूब हुनरवन्द जो धरते अहें,
सो शाहाँ उपर नाज़ करते अहैं।

हुनर ख़ूब ज्यूँ ख़ूब महबूब है,
हुनरवन्द महबूब ते ख़ूब है।

सराऊँ उसे शाह वर साज़ सूँ,
जो सोसे[3] हुनरवन्द के नाज़ सूँ।

हर एकस कूँ दिल फ़हम सूँ जुफ्त नईं,
के आरिफ़ कहवाना यो कुछ मुफ्त नईं।"

---

१ भरोसा २ सोने में सुगन्ध ३ सहे।

अतारद वहाँ बैट भौ मान[1] सूँ,
कह्या बात उस दाय महरबान सूँ।

हुनर में जो उस धन कूं कुछ काम होय,
तो जिस खातिर आया सो वो काम होय।

अतारद यों बात उस ते बोल्या खिजा,
के देखे दिल उस नार का टुक निभा[2]।

१ बहुत आदर से २ गौर से, झुक कर।

## दीदन आरायश महल व इनाम दादन मुश्तरी ब अतारद[1]

कहीं दाय जा मुश्तरी शाह कूँ,
सूरज जिसते रोशन है इस माह कूँ।

के "शाह मुस्तैद सब हुआ है महल,
तूँ इस महल कूँ देखने आज चल।

तेरे हुक्म कूँ शाह जस ली अहै,
तुजे इस महल का हवस ली अहै।

तूँ धरती थे ली दीस[2] मूँ योच आस,
के को होयगा मेरा महल रास।

खुदा आस तेरी तुजे अब दिया,
के ज्यूँ महल मंगती थी तूँ त्यूँ किया।

महल देख होर मान शह साच कर,
मेरी बात तूँ होर उस का हुनर।

के शाहाँ कने झूट कह्या न जाय,
जुकोई झूट कये सो पत्याग[3] गँवाय।

बुलन्द मरतबा झूट ते होय पस्त,
दुनिया में नहीं सच्च ते कुच्च खूब वस्त।

अगर झूट सच कोई बुजनहार होय,
हुनर ऐब जो है सो इजहार होय।

अयाँ शक्ल है देखता ऐब कूँ,
हुनर है समजना हुनर ऐब कूँ।"

अचन दाय के सुन सुधन कर मुंज,
दुरस्त है ककर अपने दिल में समज।

१ महल की सजावट पर मुश्तरी का अतारद को पुरस्कृत करना २ दिन ३ विश्वास।

चली नार उस ठार उसके संगात,
तमाशा महल में देखी धात धात।

महल देख दाय कूँ गल लाय कर,
अनन्द शौक होर ज़ौक़ खत पाय कर।

जो बोली अथी बात वो धन सुजान,
अतारद कूँ उसते बी दी ज्यास्त दान।

शहाँ का दिल इस धात अछना भला,
दस्त दिसत इस वज़ा बात अछना भला।

खुदा जब जिसे कुछ दिलाता अहै,
नूँ शाहाँ के बी दिल में ल्याता अहै।

खुदा जब दिलावे तो कोई कुछ पाय,
शहाँ काँ ते दें जो खुदा नाँ दिलाय।

खुदा पास ते तूँ उमीद आस मंग,
अगर तूँ मँग तो खुदा पास मंग।

जो शाहाँ उपर बोल धरते अहै,
ग़लत है उनो योँ बिसरते अहैं।

अतारद का हासिल मक़सूद कर,
मुना दान दी दिल कों खुश नवद कर।

जो यक ठार टुक टेर चंचल खड़ी,
नज़र शाह की सूरत ऊपर पड़ी।

सूरत शाह की देखत भुली नार वो,
पड़ी बेमुद हो कर उसी ठार वो।

कितक वक्त लग धन वो बेहोश थी,
सो शाह की मुहब्बत करे जोश थी।

के आहाँ पर आहाँ जो मारी उने,
सटी मस्त हो होश्यारी उनें।

सो वो हाथ पकड़ी दुन्नूँ भोरने[1],
लगी हात आपस में अपे जोड़ने।

के "वो इस नहनी कूँ यहाँ क्या हुआ,
मेरी चन्दनी कूँ यहाँ क्या हुआ।

कहाँ जाऊँ किस को कहूँ क्या करूँ,
अताल इस कूँ इस ठार में क्यों धरूं।

मवादा परी का अछे इस नज़र,
के यो हुई यकायक यूँ बेखबर।

मुंजे आज दिसता नहीं कुच कहीं,
मंतरकारी भी कोई हाज़िर नहीं।

नवा महल है क्या हुआ याँ इसे,
लेकर जाऊँ याँ ने अता कीं इसे।

उठाती तो उठती नहीं नार यू,
न जाने के क्या देखी इस ठार यू।"

सो वैसे में वो नार हुश्यार हुई,
जो थी बेखबर सो खबरदार हुई।

सूरत शह की तिल तिल निभाने लगी,
खड़े क़द पे बलहार जाने लगी।

देक इस नक्श कूं नार हैरान थी,
सो सुद बुद गँवा सब परेशान थी।

न अन भावता था न पानी उसे,
हुई तलख[2] सब ज़िन्दगानी उसे।

पकड़ रही थी वाँ नार इस ठार कूं,
के भाती वही ठार इस नार कूं

१ झेलने २ कड़ी

वही नक्श तन था वही नक्श मन,
वही नक्श पानी वही नक्श अन।

कुतब ज्यूं कुतब टार पर थीर है,
वहाँ मुश्तरी फिरती चौफेर[1] है।

मुहब्बत जो पकड्या है यूं दाट कर,
बिचारा कहाँ जाय वो न्हाट[2] कर।

अगर किस कूं बल बल जो रुस्तम अछे,
मुहब्बत की तिल तिल सो बल कम अछे।

---

प्यारे मैं हूं राती यकेली क्यूं जीवूं माय,
मोती एक हारा होनी सो बिरहे की भार खाय

---

१ चारों तरफ २ भाग।

## ग़श करदन मुश्तरी अज़ दीदन तस्वीर क़ुतुब व पन्द दादन दाई[1]

लगी पूछने दाय इस नार कूं,
के "ए माई क्या देखी इस टार तूं।

नगर दिल नहीं की आनन्द मुक्ख पर,
के कुरबान गई दाय तुज मुख पर।

महल देखने आई थी शौक़ सूं,
सो अब बैठी की यूँ तूं बे ज़ौक़ सूं।

छुपाती तूं इस बात कूं की ए नार,
तुजे कौन है मुंज ते भी दोस्तदार।

तू बेगानी मुज जानी इस धात की?
नहीं बोलती खोल यो बात की?

के मा बाप दो यक बड़े भाई सूं।
छुपाते नहीं बात कोइ दाय सूं।

जो तूं ना कहसी मुंज कन अपना यो हाल,
तुजे दूद हरगिज़ न कर सूं हलाल।

अगर टुक जो तूं नाज़ सूं छन्द करे,
तो पंखियाँ कूं बारे पै पाबन्द करे।

तेरे मुख जलनल जगत लौन है,
तूं जिस ताईं यूं हुई सो वो कौन है?

के यो बात तूं मुंज तेरे पर कसूं,
ये भी ज्यास्ती सूं मेरे सिर कसूं।

फ़रिश्ता अगर होय असमान में,
तो मैं ल्या देऊं तेरे फरमान में।"

---

१ क़ुतुबशाह के चित्र को देख कर मुश्तरी का मूर्च्छित होना और दाई का उपदेश देना।

कही "दाय क्या पूचती हाल तूँ,
नको पड़ झुटे मेरे दुंबाल[1] तूँ।

बजिद[2] है तूँ इस बात कूँ खोलने,
वले मुंज ताक़त नहीं बोलने।

ज़बाँ मन मने लटपटाती अहै,
नहीं बात यकायक आती अहै।

फ़हमदारी की फ़ाम सूँ फ़ाम तूँ,
वकद[3] पर वकद देने क्या काम तूँ।

तेरे हात ते काम आसी न यो,
जो कऊँगी तुजे मैं तो न्हासी[4] न यो।

कही सच है क्या होएगा मुंज ते काम,
करेगा हक़ इस काम का अहतमाम।"

जो भोती च पूछी महरबान दाय,
तो इस दाय कूँ शह की सूरत दिखाय।

"यही इस सूरत की दीवानी हूँ मैं,
छुप्या भेद याँ कुछ जानी हूँ मैं।

यही नक़श भोदू भुलाया मुंजे,
यही नक़श नेह अब लाया मुंजे।

इसी नक़श का ध्यान धरती हूँ मैं,
इसी नक़श कूँ ताईं मरती हूँ मैं।

इसी नक़श कूँ देख परेशान हूँ,
इसी नक़श कूँ देक हैरान हूँ।

यदि नक़श ऐ दाय मग़म[5] क्यों किया,
मैं आक़िल अथी देक बेकम[6] क्यों किया।

---

१ पीछे २ हठ के साथ ३ ताकीद ४ भागी ५ दुःखी; अरबी शब्द मग़मूम से ६ मूर्ख।

मुँजे मेरी सूरत पै ली थी गुमाँ,
वले यो तो मुंज ते बी है ख़ूब जाँ।

के जिस जान का नकश इस धात है,
सो शह जान आपैं वो किस धात है।"

सो शह की सूरत टुक निभा[1] देखी दाय,
सो वो दाय भी मुद अपनी गँवाय।

कही "नई है तेरा गुना कुच धन,
के ऐसी च सूरत है यो मन हरन।

तिस ऊपर तूँ बी नार है बावली"
उछाल्या[2] मदन हुई है ऊतावली।

तूं चंचल चित्र नार इतनी सी है,
बड़ी छन्द भरी भोत फ़ितनी[3] सी है।

यो कैसा अहे इश्क़ जो तूँ करी,
भली है तूं शाबाश जो नईं डरी।

पिरत-पन्त में तूँ नवी आई है,
अझूँ[4] नेह के चरके नईं पाई है।

इश्क़बाज़ी धन कुछ नहना काम नईं,
नहनी है तूँ अजूँ तुजे फ़ाम नईं।

कची तूँ तुजे बुद कचीं आई है,
के कान्दाँ[5] के नकशाँ सूँ जीव लाई है।

ख़ुशी आद है दुश्मनी तूँ पछान,
दुखा कर जो बोले उसे दोस्त जान।

ग़र्ज़वन्द[6] कूँ यो बात कीं फ़ाम है,
दुखा बोलना दोस्त का काम है।

१ ग़ौर से २ उछाला ३ उत्पाती ४ अभी तक ५ दीवारें ६ याचक

तूँ इस नक़्श सूँ इश्क़ साज़ी अहै,
यो नेह नई है तफलाँ[1] की बाज़ी अहै।

इश्क़ क्या है कर के पछानी है तूँ,
गुड्याँ का मगर खेल जानी है तूँ।

हवस हैं नको जा हवस के दुंबाल,
भली वो जो अपसे रखी याँ संभाल।"

तर्ज़ इश्क़ का था सो थी पाई वो,
वले पन्द कूँ कहती थी दाई वो।

तलें तल हटकती थी उस माय कूँ,
के वाजिब अहै पन्द देना दाय कूँ।

तूँ मा बाप फ़रज़न्द कूँ बिच गोद धर,
भरोसा भोत करती है दाय पर।

वो धन जाने होर उस के मन का जेब[2],
कना था सो कइ वो पछें या नसीब।

थोड़ा भोत जानी है भी जान गये,
मेरी बात तूँ साच कर मान गये।

अँगे इश्क़ क्या है सो जानेगी तूँ,
बड़ी होयगी तो पछानेगी तूँ।

तूँ किस बाब कऊँवा[3] कर हुई है निकस[4],
के आधा अहै इश्क़ सारा हवस।

तूँ सूरत सते जीव क्या लाई है,
तूँ सूरत मने मानी क्या पाई है।

अगर मानी सूँ जीव तूँ लायगी,
तो सूरत थे फल भी तूँ कुच पायगी।

१ ढोंग २ भेद ३ कहलवा कर ४ निःशक्त।

इश्क़ मूरती काम, ना आय कुच,
लगा मानी सूँ जीव जो तूँ पाय कुच।

इश्क़ सूरती जाएगा जान तूँ,
इश्क़ मूरती खूब नईं मान तूँ।

सो धन दाय कूँ कई के "नईं तुज्ज काम,
अज़ल तो च था होनहार यो काम।

मुंजे मानी दिसती है मूरत भितर,
तो लुब्दी[1] हूं इस पाक मूरत उपर।

नज़िक[2] किस के कहने कूं नईं आय है,
अगर मा अगर बाप अगर भाय है।

जो मानी अयाँ[3] मुंज है सूरत मने,
बयाँ ना किया जाए वो किस कने।

अवल ते हुआ है मेरा हाल यूँ,
पड़ी की तूँ भी मेरे दुंबाल यूँ।

जो मैं मंगती दारू[4] सो देसी न कोई,
किसी का दरद बाँट लेसी न कोई।

दुनिया में जेता देखती हूँ जिसे,
अपस का अपस कूँ पड्या हर किसे।

यो दिल सोज़ी तेरी खुश आती नहीं,
दिवानी हूँ मैं पन्द भाती नहीं।

दिवानी दिवाने की पन्द दे नको,
रोऊँगा[5] कर बुरे बोल तूँ कैं[6] नको।

छुई जो लगी उस न झंझोलना,
यो दुख पर है दुंबल तेरा बोलना।

१ लुब्ध हुई २ समीप ३ प्रकट ४ दवा ५ ताना दे कर ६ कह।

के गुस्से सूँ मुंज पर झपटती है तूँ,
के जलते उपर तेल मटनी है तूँ।

अगर मैं तुजे कुच कही अपे सुंधर,
दिवानी हूँ इस का नको ऐब कर।

नको ऐब कर दिल में कुच रैब ते
दिवाना है काली[1] हरेक ऐब ते।

क्या अकल में अक्ल के लहूँ घूटना,
भला है दिवानी हो कर भूटना[2]।

दिवाना जो कोई हुए ज़माना पछान,
वो आक़िल है उस कूँ दिवाना न जान।

ग़रज़ ऐसी बाताँ सूँ क्या है तुजे,
नसीबाँ मने था सो अपड्या मुंजे।

न कोई इश्क़ कूँ ल्यानहारा अहै,
के यो इश्क़ अपै आनहारा अहै।

जहाँ इश्क़ है वां है हैरान सब,
अखल होर फ़हम सुद बुद जान सब।

न जासी[3] पिरत मुंज ते अब छूट कर,
के दिल ले गया है मेरा लूट कर।

यो फ़रयाद मैं किस कने जा करूँ?
न होना अथा होर हुआ क्या करूँ?

१ खाली २ झूठ बोलना ३ जाती।

## पुरसीदन मुश्तरी व ख़बर सूरत मुहम्मद कुली अज़ अतारद[1]

अतारद कूँ भेजी बुला नार वो,
दोनों बैठे मिल कर सो यक ठार वो।

कही "तूँ संवार्या महल साज़ सूँ,
लिख्या सूरताँ इस में भो नाज़ सूँ।

सिफ़त दूर ते तेरी सुनती थी ज्यूँ,
सो नज़दीक थे आज मैं देखी त्यूँ।

हुनरवन्द तूँ सच पछानी तुजे,
के मानी[2] थे तुज ज्यास्त मानी तुजे।

कहूँ क्या तेरा खूबी की बात मैं,
सराऊँ तुज ऐसे कूँ किस धात में।

सो धन बात भो धात इस सात कर,
के इस सात भो धात यो बात कर।

के तुज सात यक राज़ धरती हूँ मैं,
सो उस राज़ की बात करती हूँ मैं।"

सकी शह की सूरत उपर की नज़र,
कही "ए अतारद तूँ सुन कान धर।

किसी शाह अपनी यूँ इस नार कूँ,
चुमक खींच लेता है ज्यूँ सार कूँ।

न जानों के यो नक्श क्या सेहर है,
